बुधवार, 22 अक्टूबर 2025

मौसम

तापमान 25 – 34
आर्द्रता 78%
सूर्योदय: 5:36 सूर्यास्त: 17:06

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : सच बोलनेवाले कम नहीं मगर सिर्फ मर्जी का सच सुननेवाले ज्यादा हैं।




समाज में नए प्रकार के अपराध, आतंकवाद और वैचारिक युद्ध उभर रहे हैं : राजनाथ पृष्ठ 7




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## भारत ने मर्यादा का पालन किया, ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अन्याय का बदला लिया: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दीपावली के अवसर पर देश के नागरिकों को एक पत्र लिखा और ऑपरेशन सिंदूर की सफलताओं और नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि जब दुनिया संकटों से घिरी हुई है तब ऐसे समय में भारत स्थिरता के प्रतीक के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री ने जीएसटी दरों को कम करने के निर्णय को अपनी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और कहा कि 'जीएसटी बचत उत्सव' के दौरान नागरिक हजारों करोड़ रुपये बचा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी अपनाने, सभी भाषाओं का सम्मान करने, स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और योग को अपनाने का भी आग्रह किया। मोदी ने स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर नौसैन्य कर्मियों के साथ दिवाली मनाने के एक दिन बाद देशवासियों को लिखे एक पत्र में कहा, '' ये सभी प्रयास हमें तेज़ी से विकसित भारत की ओर ले जाएंगे।'' उन्होंने कहा, ''मैं आप सभी को ऊर्जा और उत्साह से भरे पावन पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। अयोध्या में राम मंदिर के भव्य निर्माण के बाद यह दूसरी दीपावली है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, '' भगवान श्री राम हमें मर्यादा का पालन करना सिखाते हैं और अन्याय से लड़ने का साहस भी देते हैं। इसका जीता जागता उदाहरण हमने कुछ महीने पहले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखा था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने न केवल धर्म का पालन किया बल्कि अन्याय का बदला भी लिया।'' उन्होंने कहा कि यह दीपावली खास है क्योंकि पहली बार देश भर के कई जिलों में, जिनमें दूरदराज के इलाके भी शामिल हैं, दीप जलेंगे। उन्होंने कहा,'' ये वे जिले हैं जहां नक्सलवाद और माओवादी आतंकवाद का जड़ से सफाया हो चुका है। हाल के दिनों में हमने कई लोगों को हिंसा का रास्ता छोड़कर, हमारे देश के संविधान में आस्था व्यक्त करते हुए विकास की मुख्यधारा में शामिल होते देखा है। यह राष्ट्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि इन ऐतिहासिक उपलब्धियों के बीच, देश ने हाल के दिनों में अगली पीढ़ी के सुधारों की भी शुरुआत की है। मोदी ने कहा, ''नवरात्र के पहले दिन जीएसटी की कम दरें लागू की गईं। इस 'जीएसटी बचत उत्सव' के दौरान नागरिक हजारों करोड़ रुपये बचा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि अनेक संकटों से जूझ रही दुनिया में भारत स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम निकट भविष्य में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं।'' प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि नागरिकों की प्राथमिक जिम्मेदारी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना है। मोदी ने नागरिकों से स्वदेशी अपनाने और गर्व से यह बताने कि ''यह स्वदेशी है'' का आग्रह किया। उन्होंने कहा, '' आइए हम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को बढ़ावा दें। सभी भाषाओं का सम्मान करें। स्वच्छता बनाए रखें।'' उन्होंने कहा, ''आइए हम अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। आइए हम अपने भोजन में तेल का प्रयोग 10 प्रतिशत कम करें और योग को अपनाएं। ये सभी प्रयास हमें तेज़ी से विकसित भारत की ओर ले जाएंगे।'' प्रधानमंत्री ने कहा,'' दीपावली हमें यह भी सिखाती है कि जब एक दीप दूसरे दीप को रौशन करता है तो उसकी रोशनी कम नहीं होती, बल्कि और बढ़ती है। इसी भावना के साथ आइए इस दीपावली हम अपने समाज और आस-पास सद्भाव, सहयोग और सकारात्मकता के दीप जलाएं।''

### भारत ने काबुल में तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा दिया

**नयी दिल्ली :** भारत ने अफगानिस्तान के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के व्यापक प्रयासों के तहत मंगलवार को काबुल में अपने तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा देने की घोषणा की। यह घोषणा ऐसे वक्त की गई है, जब डेढ़ सप्ताह पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के साथ बैठक के दौरान कहा था कि भारत काबुल में अपनी राजनयिक उपस्थिति को उन्नत करेगा। अगस्त 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद भारत ने काबुल स्थित अपने दूतावास से अपने अधिकारियों को वापस बुला लिया था। जून 2022 में, भारत ने एक तकनीकी टीम तैनात करके अफगानिस्तान की राजधानी में अपनी राजनयिक उपस्थिति फिर से स्थापित की।

## दिवाली पर देशभर में रिकॉर्ड 6.05 लाख करोड़ रुपये की बिक्री हुई



**नयी दिल्ली :** इस साल भारत में दिवाली के मौके पर रिकॉर्ड 6.05 लाख करोड़ रुपये की बिक्री हुई है जिसमें से 5.40 लाख करोड़ रुपये उत्पादों की बिक्री जबकि 65,000 करोड़ रुपये सेवाओं से आए। व्यापारियों के संगठन कैट ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने एक बयान में कहा कि हाल ही में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में की गई कटौती और मजबूत उपभोक्ता विश्वास के कारण इस साल दिवाली पर रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। कैट ने यह आंकड़ा देशभर के 60 प्रमुख वितरण केंद्रों में किए गए सर्वेक्षण के आधार पर जारी किया। इनमें राज्यों की राजधानियां और दूसरी एवं तीसरी श्रेणी के शहर शामिल हैं। कारोबारी संगठन के मुताबिक, पिछले साल दिवाली पर बिक्री 4.25 लाख करोड़ रुपये रही थी। मुख्यधारा की खुदरा बिक्री, खासकर गैर-कॉरपोरेट और पारंपरिक बाजारों का कुल व्यापार में 85 प्रतिशत योगदान रहा। यह ऑनलाइन खरीदारी के दौर में छोटे व्यापारियों और भौतिक बाजारों की मजबूत वापसी को दर्शाता है। क्षेत्रवार बिक्री के मामले में राशन सामग्री और रोजमर्रा के सामान 12 प्रतिशत, सोना एवं आभूषण 10 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं बिजली उपकरण आठ प्रतिशत, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सात प्रतिशत, रेडिमेड कपड़े सात प्रतिशत, उपहार सात प्रतिशत, घरेलू सजावट पांच प्रतिशत रहे। इसके अलावा फर्निशिंग एवं फर्नीचर पांच प्रतिशत, मिठाई और नमकीन पांच प्रतिशत, कपड़ा एवं वस्त्र चार प्रतिशत, पूजा सामग्री तीन प्रतिशत और फल एवं सूखे मेवे तीन प्रतिशत भी शामिल हैं। **कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया** ने कहा कि सेवाओं के क्षेत्र ने पैकेजिंग, आतिथ्य, कैब सेवाएं, यात्रा, कार्यक्रम आयोजन, टेंट एवं सजावट, मानव संसाधन और आपूर्ति से 65,000 करोड़ रुपये का योगदान दिया। सर्वे में शामिल 72 प्रतिशत व्यापारियों ने दैनिक उपयोग की वस्तुओं, जूते, परिधान, कन्फेक्शनरी, घरेलू साजसज्जा और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती को उच्च बिक्री का मुख्य कारण बताया।

**सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार** ने इस दिवाली पर रिकॉर्ड बिक्री को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस साल त्योहारों के मौके पर बिक्री की स्थिति बहुत अच्छी रही है और यह दर्शाता है कि लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ी है। पोद्दार ने बताया कि जीएसटी में राहत ने खरीदारों की क्रय शक्ति बढ़ाई है, जिससे गाड़ियों, इलेक्ट्रॉनिक सामान और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले साल की तुलना में इस साल सभी श्रेणियों में बिक्री बढ़ी है और दुकानदारों का उत्साह भी देखने लायक रहा। पोद्दार ने उम्मीद जताई कि त्योहारों के इस सकारात्मक माहौल से स्थानीय व्यापारियों और अर्थव्यवस्था को लंबे समय तक लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों में अब त्योहारों को बेहतर तरीके से मनाने की क्षमता और उत्साह बढ़ गया है, जो आर्थिक दृष्टि से एक संकेत है कि उपभोक्ता बाजार मजबूत स्थिति में है।

## आरजी कर कांड के दोषी की नाबालिग भांजी का शव अलमारी से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

### गुस्साए लोगों ने माता-पिता पर किया हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के भवानीपुर इलाके में मंगलवार को उस समय तनाव फैल गया जब कुछ गुस्साए स्थानीय लोगों ने 11 साल की एक बच्ची के पिता और सौतेली मां पर हमला कर दिया। बच्ची का शव एक दिन पहले उनके घर की अलमारी से आंशिक रूप से लटका हुआ मिला था। पुलिस ने बताया कि मृतक नाबालिग सुरंजना सिंह (11), आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में दोषी संजय राय की भांजी थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भोला सिंह और उनकी पत्नी पूजा, जो कथित तौर पर अपने घर से भागने की कोशिश कर रहे थे, को पड़ोसियों ने रोक लिया और दोनों पर घर में बच्ची को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए उन पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि स्थानीय लोगों ने सौतेली मां को बाल पकड़कर घसीटा और पीटा, जबकि पिता को भी जूतों से पीटा गया। पुलिस मौके पर पहुंची और दंपती को उग्र पड़ोसियों से बचाकर स्थानीय अलीपुर थाने ले गई। पुलिस ने बताया कि भोला ने पहले संजय राय की बड़ी बहन बबीता से शादी की थी और सुरंजना उनकी इकलौती संतान थी। कुछ साल पहले बबीता की आत्महत्या के बाद, उसने उसकी छोटी बहन पूजा से शादी कर ली। पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाली बच्ची एक अलमारी के अंदर हैंगर से लटकी हुई पाई गई, जिसका गला कपड़े के एक टुकड़े से बंधा हुआ था। उसकी सौतेली मां जब बाहर से घर लौटी, तो बच्ची को इस हालत में पाया। उसे एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पड़ोसियों ने आरोप लगाया कि माता-पिता अक्सर लड़की को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। इस दुर्व्यवहार ने उसे बहुत गहरे सदमे में डाल दिया था। शुरुआती जांच में आत्महत्या का संकेत मिला है। हालांकि, हत्या की संभावना से इन्कार नहीं किया जा रहा है। पुलिस मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए विस्तृत पोस्टमार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।



कालीघाट स्थित अपने निवास पर काली पूजा के अवसर पर अभिषेक बनर्जी को प्रसाद देती मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

## टाटा ट्रस्ट: आंतरिक मतभेदों के बीच वेणु श्रीनिवासन आजीवन ट्रस्टी बने, मेहली मिस्त्री पर नजर

**नयी दिल्ली :** टाटा ट्रस्ट ने सर्वसम्मति से वेणु श्रीनिवासन को आजीवन ट्रस्टी (न्यासी) के रूप में फिर से नियुक्त किया है। संगठन के भीतर कथित आंतरिक मतभेदों के बीच अब सभी की निगाहें मेहली मिस्त्री की वापसी के संबंध में होने वाले फैसले पर टिकी हैं। श्रीनिवासन का कार्यकाल 23 अक्टूबर को खत्म होने वाला था, जिससे पहले इस सप्ताह उनकी पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी गई। यह फैसला टाटा ट्रस्ट के भीतर विभाजन की खबरों के बीच हुआ, जहां एक गुट नोएल टाटा के साथ जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। नोएल ने रतन टाटा के निधन के बाद चेयरमैन का पद संभाला था। दूसरा गुट पूर्व दिग्गज के वफादारों का है। मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि टीवीएस समूह के मानद चेयरमैन श्रीनिवासन की फिर से नियुक्ति सर्वसम्मति से हुई है। टाटा ट्रस्ट ने इस खबर पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अब ध्यान मिस्त्री की पुनर्नियुक्ति पर है, जिनका कार्यकाल 28 अक्टूबर को खत्म हो रहा है। इस बात पर राय बंटी हुई है कि क्या उनका कार्यकाल अपने आप आगे बढ़ जाएगा या आजीवन कार्यकाल के लिए न्यासियों की सर्वसम्मति से मंजूरी लेनी होगी। टाटा ट्रस्ट की टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है - जो 156 साल पुराने टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी है। इसमें 30 सूचीबद्ध इकाइयों सहित लगभग 400 कंपनियां शामिल हैं।

## अखिलेश यादव न केवल 'राम द्रोही', बल्कि 'कृष्ण द्रोही' भी हैं : योगी आदित्यनाथ



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला करते हुए मंगलवार को कहा कि अखिलेश न केवल 'राम द्रोही' हैं, बल्कि 'कृष्ण द्रोही' भी हैं। आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अगर अखिलेश यादव प्रजापति (मिट्टी के बर्तन बनाने वाले) समुदाय का दर्द समझते, तो वह ऐसा 'बचकाना बयान' नहीं देते। उन्होंने कहा, इसलिए कहा जाता है कि गद्दी तो मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं। इसके लिए प्रयास करने पड़ते हैं। और कुछ लोगों की आदत होती है कि उनका बचपना जीवन भर उनके साथ रहता है। वे ऐसे कृत्य करते हैं, और अब भी कर रहे हैं। उन्होंने (अखिलेश यादव) कहा था कि दीये जलाने की क्या जरूरत है? दूसरे शब्दों में उन्हें दीपावली से नफरत है। अब तक हम यही सोचते थे कि उन्हें अयोध्या में रामजन्मभूमि और अन्य हिंदू तीर्थस्थलों से नफरत है। आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रज तीर्थ विकास परिषद के गठन के दौरान उन्होंने (अखिलेश यादव) कहा था कि वह सैफई में दुर्योधन की मूर्ति लगाएंगे। उन्होंने कहा, हम भगवान कृष्ण के मथुरा और वृंदावन को सजाएंगे क्योंकि ये हमारे संस्कार हैं। कंस और दुर्योधन आपको प्रिय हैं, आप उन्हें स्थापित कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने इस बार भी दीपावली के अवसर पर यही बात कही। दूसरे शब्दों में, वह न केवल राम द्रोही हैं, बल्कि कृष्ण द्रोही भी हैं। वह सनातन धर्म के त्योहारों के भी गद्दार हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने पहले भगवान राम और भगवान कृष्ण को नकार दिया था और आज दुनिया भगवान रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आती है और मंत्रमुग्ध हो जाती है। यादव ने दीपावली पर राज्य सरकार द्वारा किए गए खर्चों का जिक्र करते हुए कहा था कि विदेशों से सीख लेनी चाहिए, जहां क्रिसमस के दौरान पूरा शहर महीनों तक जगमगाता रहता है। सपा प्रमुख ने कहा था, दुनिया में क्रिसमस के समय पूरा शहर जगमगाता है और महीनों तक जगमगाता रहता है। उनसे सीखो।

### जापान की संसद ने साने ताकाइची को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री चुना



**तोक्यो :** जापान की संसद ने मंगलवार को अति रूढ़िवादी साने ताकाइची को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में चुना। इस घटनाक्रम से एक दिन पहले 64 वर्षीय ताकाइची की संघर्षरत 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' ने एक नए सहयोगी दल के साथ गठबंधन समझौता किया, जिससे उनके सत्तारूढ़ गठबंधन के और अधिक दक्षिणपंथी होने की उम्मीद है। ताकाइची ने शिगेरु इशिबा का स्थान लिया, जिससे जुलाई में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की करारी चुनावी हार के बाद तीन महीने से जारी राजनीतिक गतिरोध खत्म हो गया। प्रधानमंत्री के रूप में केवल एक वर्ष तक सेवा देने वाले इशिबा ने मंगलवार को मंत्रिमंडल सहित इस्तीफा दे दिया, जिससे ताकाइची के सत्ता में आने का मार्ग प्रशस्त हुआ। निचले सदन में हुए मतदान में ताकाइची को 237 वोट मिले, जो बहुमत से चार अधिक हैं जबकि 'कॉन्स्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ जापान' के प्रमुख योशिको नोडा को 149 वोट मिले। परिणाम घोषित होने पर ताकाइची खड़ी हुईं और उन्होंने झुककर सभी का अभिवादन किया।

## अंधकार पर प्रकाश की जीत का शाश्वत उदाहरण है दिवाली: डोनाल्ड ट्रंप



**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दिवाली पर शुभकामनाएं देते हुए इस त्योहार को 'अंधेरे पर प्रकाश की जीत का शाश्वत उदाहरण' बताया। ट्रंप ने सोमवार को एक बयान में कहा, आज, मैं 'रोशनी के पर्व' दिवाली मना रहे हर अमेरिकी को शुभकामनाएं देता हूं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, कई अमेरिकियों के लिए दिवाली, अंधेरे पर प्रकाश की जीत का एक शाश्वत उदाहरण है। यह समुदाय को जश्न मनाने, उम्मीद से ताकत हासिल करने और नयी चीजों को पूरे जोश से अपनाने और परिवारों व दोस्तों को एक साथ लाने का भी समय है। उन्होंने कहा, लाखों नागरिक दीये जलाते हैं और हम इस शाश्वत सत्य में आनंदित होते हैं कि अच्छाई की हमेशा बुराई पर विजय होती है। दिवाली मनाने वाले प्रत्येक अमेरिकी के लिए, ईश्वर करे कि यह त्योहार समृद्धि, आशा और शांति लाए। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी लोगों को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक बयान में कहा, विदेश मंत्रालय की ओर से मैं अमेरिका और दुनिया भर के उन सभी समुदायों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं, जो रोशनी का त्योहार दिवाली मना रहे हैं।

### अमेरिका में एच1बी वीजाधारकों के 'स्टेटस' बदलवाने या प्रवास अवधि बढ़वाने पर नहीं लगेगा शुल्क

**न्यूयॉर्क :** अमेरिका में एच-1बी वीजा आवेदनों पर ट्रंप प्रशासन की ओर से लगाया गया एक लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क ऐसे आवेदकों पर लागू नहीं होगा, जो अपने 'स्टेटस' में बदलाव कराना चाहते हैं या फिर प्रवास की अवधि बढ़वाना चाहते हैं। नए दिशानिर्देशों में यह जानकारी दी गई है। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) द्वारा सोमवार को जारी दिशानिर्देशों में 'कुछ गैर-आप्रवासी कामगारों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 19 सितंबर के आदेश में दी गई छूट को स्पष्ट किया गया है। ट्रंप की घोषणा के तहत नए एच1-बी वीजा के लिए शुल्क बढ़कर 1,00,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 88 लाख रुपये) हो जाएगा। यूएस-सीआईएस ने कहा, यह आदेश पहले जारी किए गए और वर्तमान में मान्य एच-1बी वीजा, या 21 सितंबर, 2025 को रात 12:01 बजे से पहले जमा किए गए किसी भी आवेदन पर लागू नहीं होगा। यूएससीआईएस ने यह भी बताया कि इस आदेश में किसी भी मौजूदा एच1-बी धारक के अमेरिका में आने-जाने पर रोक नहीं है।




INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION www.indiangem.com

**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 **M** +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 **M** +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) **M** +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 **M** +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 **M** +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014

**Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau, Silver and Certified Gemstones with buy-back facility.**

**Authorised Retailer: Platinum & MMTC Gold & Silver Bars** Toll Free No. **1800 889 1704**

## तन-मन के अंधेरे भी दूर करे उजाला

उल्लास-उमंग के साथ राष्ट्र की आर्थिकी को नई ऊर्जा देने वाला त्योहार दीपावली सही मायने में सादगी व उजाले का त्योहार है। महानगरीय जीवन की एकरसता व तनाव से मुक्ति दिलाने वाली पर्व शृंखला के जहां आध्यात्मिक-धार्मिक मायने हैं, वहीं ये पर्व हमें नई ऊर्जा से भर देते हैं। हमारे रिश्तों को नई ऊष्मा देते हैं। एक मायने में लक्ष्मी हर छोटे-बड़े काम-धंधे से लेकर उद्योगों में इस पर्व के दौरान आती है। समृद्धि की रोशनी श्रम और सकारात्मक जीवन व्यवहार से आती है। लेकिन हाल के वर्षों में हमारी जीवन शैली और कार्य संस्कृति में व्यापक बदलाव आए हैं। जीवन व्यवहार में कृत्रिमता और दिखावे की संस्कृति का बोलबाला हुआ, जिसकी गहरी छाया हमारे पर्व-त्योहारों पर भी नजर आई है। भारत पर्व-त्योहारों का देश हैं, जिनके गहरे निहितार्थ हैं। ये पर्व-त्योहार हमारे ऋतु चक्र से जुड़े हैं, जिसका आधार हमारी किसानी संस्कृति है। वर्षा ऋतु से जीवन में आई नीरसता व इसके प्रतिकूल प्रभावों से मुक्ति की राह दिखाती है पर्व शृंखला। लेकिन हमें सही मायने में पर्व का मर्म समझना चाहिए। सादगी, सात्विकता और इसके आध्यात्मिक पक्ष के गहरे निहितार्थों की हमें अनदेखी नहीं करनी चाहिए। लेकिन हाल के वर्षों में यह त्योहार दिखावे व धन के भौंडे प्रदर्शन का सबब बनता जा रहा है। इस पर्व का असली मकसद यही है कि गरीबी की देहरी पर भी उजाला हो।
प्रकाश का ही नहीं, समृद्धि का भी। उसमें समाज की बड़ी भागेदारी जरूरी है।

यह विडंबना ही है कि हाल के वर्षों में इस पर्व के मर्म के विपरीत कृत्रिमता, दिखावा, परंपरा के सतही विकल्प और औपचारिकताओं ने गहरी पैठ बना ली है। बाजार इतना हावी है कि वह दिवाली की पूजा आपको ऑनलाइन उपलब्ध करा सकता था। दीया-बाती, फूलों की सजावट, मूर्तियों, सरसों के तेल, पटाखों से लेकर तमाम त्योहार में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं के हमने नये-नये कृत्रिम विकल्प तलाश लिये हैं। विडंबना देखिए कि देवी-देवताओं की मूर्तियों से लेकर बिजली की झालरें तक चीन से आने लगी। लगाते रहें आप स्वदेशी का नारा, लोगों को फर्क नहीं पड़ता कि दोनों देशों में व्यापार संतुलन लगातार बिगड़ रहा है। पहले घरों में तरह-तरह के पकवान बनते थे ताकि परिवार व मित्रों को पौष्टिक व स्वास्थ्यवर्धक मिठाई मिल सके। जबरदस्ती लक्ष्मी को घर बुलाने वाले लोगों की मिठाई की दुकानों में मिलावट व गुणवत्ता से समझौते करने की शिकायत पर प्रशासन की कार्रवाई की खबरें आ रही हैं। शहरी जीवन में दुधारू पशु बहुत कम दिखते हैं लेकिन दूध-पनीर-मावा जितना चाहे ले लो। मिठाइयों में कृत्रिम रंगों व चीनी की भरमार है, जिसके चलते भारत को मधुमेह की राजधानी कहा जाने लगा है। उजाले व मेल-मिलाप के इस त्योहार पर गिफ्ट संस्कृति की गहरी छाया नजर आती है। त्योहार नहीं लोगों के विभिन्न संकीर्ण लक्ष्य इसके जरिये साधे जाते हैं। प्रभावशाली अधिकारियों, मंत्रियों व नौकरशाहों को साधने का यह अचूक मंत्र बना हुआ है। वे भूल जाते हैं कि ये कुर्सी को सलाम है, पर्व का मर्म नहीं। रिश्ते नाते भी अब तो गिफ्ट के बोझ तले दबे नजर आते हैं।

## कनाडा : टोरंटो शहर की महापौर ने 20 अक्टूबर को 'दिवाली दिवस' घोषित किया

**टोरंटो :** कनाडा के टोरंटो शहर की महापौर ओलिविया चाउ ने आधिकारिक तौर पर 20 अक्टूबर, 2025 को 'दिवाली दिवस' घोषित किया है। महापौर चाउ ने सोमवार को सिटी हॉल में एक जनसभा में बताया कि टोरंटो में दिवाली दिवस की घोषणा शहर के इतिहास में पहली बार हुई है। सीबीसी ने चाउ के हवाले से बताया, 'यह अंधकार पर प्रकाश की जीत, निराशा पर आशा की जीत और बुराई पर अच्छाई की जीत से संबंधित है। इस विभाजनकारी समय में, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि विविधता और समावेशिता ही ताकत है। टोरंटो यही कर रहा है।' टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक पोस्ट में इस घोषणा को साझा करते हुए कहा, 'टोरंटो शहर ने आधिकारिक तौर पर 20 अक्टूबर, 2025 को 'दिवाली दिवस' के रूप में घोषित किया है।' इसमें कहा गया, 'यह सम्मान अंधकार पर प्रकाश की विजय की दिवाली की भावना का जश्न मनाता है, तथा टोरंटो के सांस्कृतिक और सामाजिक ताने-बाने में भारतीय समुदाय के अपार योगदान को मान्यता देता है।'

# मानव सृष्टि के बाद हुआ वेद का आविर्भाव



**अशोक प्रवृद्ध**

वेद शब्द का अर्थ है ज्ञान। आदि काल में मानव सृष्टि के साथ ही आविर्भूत होने के कारण इसे आदि ज्ञान कहते हैं, तथा सभी काल में नित्य होने अर्थात सदा बने रहने के कारण इसे शाश्वत्त ज्ञान भी कहा जाता है। आदि ज्ञान का भंडार चार वेद ग्रंथ हैं- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। ऋग्वेद में 10482 मंत्र, यजुर्वेद में 1975, सामवेद में 1873 और अथर्ववेद में 5977 मंत्र हैं। इस तरह चारों वेद में कुल 20307 मंत्र हैं। वैदिक मतानुसार वेद परमात्मा का ज्ञान है, जो परमात्मा ने इस संसार में मनुष्य के कल्याण के लिए दिया है। जिन-जिन विधाओं से मनुष्य का इस संसार में रहते हुए वास्ता पड़ता है, उन सब का ज्ञान इन 20307 मंत्रों में परमात्मा ने मनुष्य को दे दिया है। इन मंत्रों में ही ईश्वर ने संसार की सब विद्याओं का मूल मनुष्य को दे दिया है और व्याख्या स्वयं मनुष्य के करने के लिए छोड़ दी है। वृक्ष का मूल वृक्ष की अनेकानेक शाखाओं और असंख्य पत्तों का पोषण करता है, उसी प्रकार वेद ज्ञान भी असंख्य विषयों और उपविषयों के ज्ञान का स्रोत हैं। मनुस्मृति 2/6 के अनुसार पूर्ण धर्म का मूल वेद में है- वेदोऽखिलो धर्ममूलं। वेद अपौरुषेय हैं। अर्थात वेद का ज्ञान किसी ने भी अविष्कार नहीं किया है। परमात्मा भी इसका निर्माता नहीं। यह ऐसे ही अनादि है, जैसा परमात्मा स्वयं तथा जीवात्मा और प्रकृति अनादि हैं। वेद ज्ञान सदा रहता है। केवल यह प्रकट होता है, जब इसे ग्रहण करने योग्य मनुष्य जैसा प्राणी उत्पन्न होता है। मनुष्य पृथ्वी पर उत्पन्न हुआ। इस कारण मनुष्य के उत्पन्न होते ही यह ज्ञान उसे मिल गया। यह भारतीय परंपरा है कि वेद अनादि हैं। इसी कारण इसे ब्रह्म कहते हैं। परमात्मा, जीवात्मा और प्रकृति भी ब्रह्म माने जाते हैं। और उनके साथ ही वेद भी ब्रह्म हैं। यह चारों अनादि पदार्थ हैं। केवल इनका आविर्भाव इस पृथ्वी पर तब हुआ, जब यहां पर मनुष्य उत्पन्न हुआ। इनका आविर्भाव किस प्रकार हुआ? यह वेद में ही वर्णित है। यजुर्वेद कहता है -

*तस्माद्यज्ञात् सर्वहुतऽऋचः सामानि जज्ञिरे।*
*छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत।। - यजुर्वेद 31/ 7।*

स्वामी दयानन्द सरस्वती इस मंत्र का अर्थ प्रकट करते हुए कहते हैं- हे मनुष्यो ! तुमको चाहिए कि उस पूर्ण अत्यंत पूजनीय जिसके अर्थ सब लोग समस्त पदार्थों को देते वा समर्पण करते उस परमात्मा से ऋग्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, यजुर्वेद उत्पन्न होता है, उसको जानो। उसको पढ़ो और उसकी आज्ञा के अनुकूल वर्त्त के सुखी होओ ।

अभिप्राय है कि उस सर्वभुत अर्थात सबसे ग्रहण करने योग्य यज्ञ स्वरूप परमात्मा से ऋग, साम, अथर्व और यजुर्वेद प्रकट हुए। अथर्ववेद में भी ऐसा ही कहा गया है। इससे यह स्पष्ट हुआ कि वेद प्रमाण और वेद भूमंडल की सबसे प्राचीन पुस्तक है। यह भी कहा जाता है कि सृष्टि पर प्रथम मानव को परमात्मा ने वेद ज्ञान दिया। परमात्मा है और वेद उस सर्वज्ञ परमात्मा के ही ज्ञान का रूप है। सृष्टि रचना महान ज्ञानवान और शक्तिशाली आत्म तत्वों के बिना नहीं हो सकता। इससे यह सिद्ध है कि ऐसा तत्व परमात्मा है। मनुष्य को यदि कोई सिखाने वाला न होता तो वह सर्वथा अज्ञ और कोई भी मानव योग्य कर्म करने में अशक्त रहता। इस कारण आदि मनुष्य को ज्ञान किसी ने दिया है और वह देने वाला परमात्मा है। उसका दिया ज्ञान वेद है।

यह मनुष्य के बनने के समय की घटना है। वैदिक परंपरा के अनुसार मनुष्य जैसा आज है, वैसा ही आदि सृष्टि के समय बना था। इस कारण यदि उसे यह ज्ञान न दिया जाता, तो मनुष्य चलना -फिरना भी ना सीख सकता। आज भी मनुष्य के शिशु को समाज से पृथक कर दिए जाने से वह पशु समान ही रहेगा। कुछ भी नहीं सीख सकेगा। यह एक वस्तु स्थिति है कि सृष्टि में मनुष्य, मनुष्य के रूप में ही पैदा हुआ था। यह नहीं कि कोई इतर जीव- जंतु जाति परिवर्तन से मानव बना हो। वैदिक मतानुसार जाति परिवर्तन का सिद्धांत गलत है। इस कारण आदि मनुष्य को प्रारंभिक ज्ञान देना आवश्यक था। वेद सब कालों में सब विषयों का मूल ज्ञान देता है। जो कुछ मनुष्य ने आज तक का आविष्कार किया है, वह उसे प्रारंभिक ज्ञान के आधार पर ही किया है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि वेद सत्य ज्ञान और विज्ञान के ग्रंथ हैं। ऋक नाम है स्तुति का। स्तुति का अभिप्राय है किसी के गुण कर्म और स्वभाव का वर्णन। इसलिए ऋचाएं पृथ्वी से लेकर परमात्मा तक के सब पदार्थ के गुण, कर्म और स्वभाव का वर्णन करती है। ज्ञान से अभिप्राय है- अनादि मूल तत्वों का वर्णन और उनका परस्पर संबंध और विज्ञान है इस कार्य जगत के विभिन्न पदार्थों का वर्णन। यह दोनों ही बातें वेद में हैं। कुछ विद्वानों के अनुसार वेद विद्या अर्थात त्रयी विद्या की उत्पत्ति नहीं हुई। इन शब्दों का निर्वचन आविर्भाव ही है। वेद को अपौरुषेय कहा गया है। सृष्टि रचना तब आरंभ हुई जब सांख्य दर्शन और ऋग्वेद 1/163/1 के अनुसार परमाणुओं पर परमात्मा के तेज अर्वण का प्रभाव आरंभ हुआ। सृष्टि रचना आरंभ होने के कम से कम एक संवत्सर उपरांत छंदोच्चारण आरंभ हुआ और उसके बाद में जब पृथ्वी ठंडी होकर उस पर वनस्पतियां, पशु इत्यादि बन चुके थे, तब मनुष्य उत्पन्न हुए। और उस समय उच्चारित छंदों को ऋषियों ने सुना और मनुष्यों को मनुष्यों की भाषा में उसको बताया। महाभारत और पुराण में भी वेदों के अनुसार ही वर्णन करते हुए कहा गया है कि प्रत्येक मन्वंतर के आरंभ में नए ब्रह्मा की उत्पत्ति होती है और वेद उच्चारण करने वाले ब्रह्मा विवस्वत सुत मन्वंतर के आरंभ में हुए। वैदिक मत के अनुसार वेद का उच्चारण तो छंदों के रूप में तब आरंभ हुआ, जब ब्रह्मांड फटा। - मनुस्मृति 1/13 और सूर्य, पृथ्वी इत्यादि बन गए। परंतु ऋषियों ने वर्तमान भाषा में उनका स्वरूप मनुष्यों को ज्ञान देते समय दिया। यह तब हुआ या पृथ्वी पर मनुष्य उत्पन्न हुए। सृष्टि बनते ही वेदों का आविर्भाव नहीं हुआ वरन तब हुआ जब पृथ्वी पर मनुष्य उत्पन्न हुआ। इस प्रकार स्पष्ट है कि सृष्टि बनते ही वेदों का आविर्भाव नहीं हुआ, वरन तब हुआ, जब पृथ्वी पर मनुष्य उत्पन्न हुआ। यह भी स्पष्ट है कि वह मन जिसने उन विचारों को जो उन वैदिक ऋचाओं में उचित भाषा में प्रकट किये गये हैं, जन्म दिया है, वह अल्पज्ञ अर्थात मनुष्य कदापि नहीं हो सकता, बल्कि वह सर्वज्ञ, ज्ञानी और सर्वोत्तम ही हो सकता है, क्योंकि ईश्वर ही सर्वज्ञ हो सकता है, कोई मनुष्य नहीं।

# गायों की पूजा का त्योहार है गोवर्धन पूजा



**रमेश सर्राफ धमोरा**

**22 अक्टूबर गोवर्धन पूजा पर विशेष**

गोवर्धन पूजा एक प्रमुख त्योहार है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। इस त्यौहार का भारतीय लोक-जीवन में काफी महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही के दिन इन्द्र का मानमर्दन कर गिरिराज पूजन किया था। कबीर दास जी कहते है:

*कबीर गोवर्धन कृष्ण जी उठाया, द्रोणागिरि हनुमंत।*
*शेष नाग सब सृष्टी उठाई, इनमें को भगवंत।।*

इस दिन मन्दिरों में अन्नकूट किया जाता है। अन्नकूट एक प्रकार से सामूहिक भोज का आयोजन है जिसमें पूरा परिवार एक जगह बनाई गई रसोई से भोजन करता है। इस दिन चावल, बाजरा, कढ़ी, साबुत मूंग सभी सब्जियां एक जगह मिलाकर बनाई जाती हैं। मंदिरों में भी अन्नकूट बनाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। सायंकाल गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा की जाती है।

अन्नकूट में चंद्र-दर्शन अशुभ माना जाता है। यदि प्रतिपदा में द्वितीया हो तो अन्नकूट अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन सन्ध्या के समय दैत्यराज बलि का पूजन भी किया जाता है। गोवर्धन गिरि भगवान के रूप में माने जाते हैं और इस दिन उनकी पूजा अपने घर में करने से धन, धान्य, संतान और गोरस की वृद्धि होती है। आज का दिन तीन उत्सवों का संगम होता है। इस दिन दस्तकार और कल-कारखानों में कार्य करने वाले कारीगर भगवान विश्वकर्मा की पूजा भी करते हैं। इस दिन सभी कल-कारखाने तो पूर्णतः बंद रहते हैं। घर पर कुटीर उद्योग चलाने वाले कारीगर भी काम नहीं करते। भगवान विश्वकर्मा और मशीनों का दोपहर के समय पूजन किया जाता है।

गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछड़ा खेतों में हल जोतकर अनाज उगाता है। इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाती के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की।

वेदों में इस दिन वरुण, इन्द्र, अग्नि आदि देवताओं की पूजा का विधान है। इसी दिन बलि पूजा, गोवर्धन पूजा होती हैं। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराकर, फूल माला, धूप, चंदन आदि से उनका पूजन किया जाता है। गायों को मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारी जाती है। यह ब्रजवासियों का मुख्य त्योहार है। अन्नकूट या गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारम्भ हुई। उस समय लोग इन्द्र भगवान की पूजा करते थे तथा छप्पन प्रकार के भोजन बनाकर तरह-तरह के पकवान व मिठाइयों का भोग लगाया जाता था।

दीपावली के दूसरे दिन सायंकाल गोवर्धन पूजा का विशेष आयोजन होता है। इस दिन प्रातः गाय के गोबर से लेटे हुए पुरुष के रूप में गोवर्धन बनाया जाता है। अनेक स्थानों पर इसके मनुष्याकार बनाकर पुष्पों, लताओं आदि से सजाया जाता है। इनकी नाभि के स्थान पर एक कटोरी या मिट्टी का दीपक रख दिया जाता है। फिर इसमें दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में इसे प्रसाद के रूप में बांट देते हैं। शाम को गोवर्धन की पूजा की जाती है। पूजा में धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल, फूल, खील, बताशे आदि का प्रयोग किया जाता है। पूजा के बाद गोवर्धनजी की जय बोलते हुए उनकी सात परिक्रमाएं लगाई जाती हैं। परिक्रमा के समय एक व्यक्ति हाथ में जल का लोटा व अन्य जौ लेकर चलते हैं। जल के लोटे वाला व्यक्ति पानी की धारा गिराता हुआ तथा अन्य जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी करते हैं।

महाराष्ट्र में यह दिन बालि प्रतिपदा या बालि पड़वा के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु के एक अवतार वामनकी राजा बलि पर विजय और बाद में राजाबलि को पाताल लोक भेजने के कारण इस दिन उनका पुण्य स्मरण किया जाता है। माना जाता है कि भगवान वामन द्वारा दिए गए वरदान के कारण असुर राजा बलि इस दिन पातल लोक से पृथ्वी लोक आता है। अधिकतर गोवर्धन पूजा का दिन गुजराती नव वर्ष के दिन के साथ मिल जाता है जो कि कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष के दौरान मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा उत्सव गुजराती नव वर्ष के एक दिन पहले मनाया जा सकता है और यह प्रतिपदा तिथि के प्रारम्भ होने के समय पर निर्भर करता है।

गोवर्धन पूजा के सम्बन्ध में एक लोकगाथा प्रचलित है कि देवराज इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन उन्होंने देखा के सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे। श्री कृष्ण ने यशोदा मैया से प्रश्न किया कि आप लोग किन की पूजा की तैयारी कर रहे हैं । कृष्ण की बातें सुनकर यशोदा मैया बोली हम देवराज इन्द्र की पूजा के लिए अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं। मैया के ऐसा कहने पर श्री कृष्ण बोले मैया हम इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं? यशोदा ने कहा वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की पैदावार होती है। उनसे हमारी गायों को चारा मिलता है। भगवान श्री कृष्ण बोले हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये तो वहीं चरती हैं। इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं। अतः ऐसे अहंकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए।

श्री कृष्ण के कहने पर सभी ने इन्द्र के बदले गोवर्धन पर्वत की पूजा की। देवराज इन्द्र ने इसे अपना अपमान समझा और मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। तब श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्धन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछड़े समेत शरण लेने के लिए बुलाया। इन्द्र कृष्ण की यह लीला देखकर और क्रोधित हुए फलतः वर्षा और तेज हो गयी। इन्द्र का मान मर्दन के लिए तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर रहकर वर्षा की गति को नियत्रित करें और शेषनाग से कहा आप मेड़ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें।

इन्द्र लगातार सात दिन तक मूसलाधार वर्षा करते रहे तब उन्हे एहसास हुआ कि उनका मुकाबला करने वाला कोई आम मनुष्य नहीं हो सकता। अतः वे ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और सब वृतान्त कह सुनाया। ब्रह्मा जी ने इन्द्र से कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह भगवान विष्णु के साक्षात अंश हैं। ब्रह्मा जी के मुख से यह सुनकर इन्द्र अत्यंत लज्जित हुए और श्री कृष्ण से कहा कि प्रभु मैं आपको पहचान न सका। इसलिए अहंकारवश भूल कर बैठा। आप दयालु हैं और कृपालु भी इसलिए मेरी भूल क्षमा करें। इसके पश्चात देवराज इन्द्र ने श्री कृष्ण की पूजा कर उन्हें भोग लगाया।

सातवें दिन श्रीकृष्ण ने गोवर्धन को नीचे रखा और ब्रजवासियों से कहा अब तुम प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा कर अन्नकूट का पर्व मनाया करो। तभी से यह पर्व अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। इस पौराणिक घटना के बाद से ही गोवर्धन पूजा की जाने लगी। इस दिन देश के बहुत से प्रदेशों में लोग गोवर्धन पर्वत की पूजा करते हैं। गाय बैल को इस दिन स्नान कराकर उन्हें रंग लगाया जाता है। उनके गले में नई रस्सी डाली जाती है। गाय और बैलों को गुड़ और चावल मिलाकर खिलाया जाता है।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।) ।**

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 अक्टूबर, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 20:17 तक, नक्षत्र : स्वाति, 25:45 तक, योग : प्रीति, 28:04 तक, सूर्योदय: 5:36, सूर्यास्त: 17:05, चन्द्रोदय : 06:05, चन्द्रास्त: 17:24, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 11:20 से 12:46

## राशिफल

**मेष :** आज आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से सावधानी बरतनी होगी, क्योंकि वह आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। संतान के करियर पर आप पूरा ध्यान दें।

**वृष :** आज अपने कामों पर ध्यान रहेगा। आपको उन्हे संयम से निपटाने की आवश्यकता है और जल्दबाजी के कारण आपसे कोई गड़बड़ी हो सकती है। बॉस कोई उपहार लेकर आ सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको ज़्यादा समाज सेवा के चक्कर में पढ़ने से बचना होगा। आस पड़ोस में आप लोगों की भावनाओं का सम्मान करें।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। सामाजिक व राजनीतिक कामों में अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी कुछ खास लोगों में से मुलाकात होगी।

**सिंह :** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहे। जीवनसाथी को आप कहीं घुमाने फिराने लेकर जा सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। मित्रों से आपकी खूब पटेगी आर्थिक योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है, इसलिए आपको प्रॉपर्टी की खरीदारी करना भी बेहतर रहेगा। आप पार्टनरशिप का कोई काम शुरू करेंगे।

**वृश्चिक :** आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा सोच समझकर करना होगा। जल्दबाजी में आप कोई काम फैसला ना ले और आप अपने घर की साज-सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। आप किसी अनजान व्यक्ति की बातों में ना आएं।

**मकर :** आज आपको अपने कुछ कामों को लेकर थोड़ी टेंशन रहेगी। संतान को मनचाही नौकरी न मिलने से आपका मन भी परेशान रहेगा। आप अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपको घूमने करने के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मीन :** मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक सिद्ध होने वाला है। व्यापार में लिया गया जोखिम आज फायदेमंद साबित होगा। नये अवसर सामने आएंगे।

## विदेश की खबरें

### गाजा में युद्धविराम समझौते को मजबूत करने के लिए इजराइल पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस

**तेल अवीव :** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस मंगलवार को इजराइल पहुंचे, जहां वह गाजा में लागू कमजोर युद्धविराम समझौते को मजबूत करने के प्रयासों में जुटे हैं। पिछले कुछ दिनों में हिंसा बढ़ने के बाद लागू युद्धविराम और दीर्घकालिक शांति योजना पर सवाल उठने के बाद यह यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसी बीच, इज़राइल ने मंगलवार को बताया कि उसने एक बंधक के शव की पहचान की है, जिसे फलस्तीनी चरमपंथियों ने रात में छोड़ा था। दूसरी ओर चरमपंथी समूह हमास के प्रमुख वार्ताकार ने कहा है कि समूह इजराइल के साथ संघर्ष विराम समझौते को बरकरार रखने पर कायम है। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के दो शीर्ष दूतों के बाद क्षेत्र की यात्रा कर रहे वेंस बृहस्पतिवार तक यहीं रहेंगे। उनके साथ उनकी पत्नी ऊषा वेंस भी हैं। वह इजराइली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। वह मंगलवार को यरुशलम में एक संवाददाता सम्मेलन करेंगे और उनके उन बंधकों के परिवारों से भी मिलने की संभावना है, जिनके शव अब भी गाजा में हैं। साथ ही पिछले महीने चरमपंथियों द्वारा रिहा किए गए बंधकों से भी मुलाकात कर सकते हैं। इजराइल ने पुष्टि की कि हमास ने ताल हैमी (42) के शव को लौटाया है, जो सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले में मारे गए थे।

### पाक-अफगान युद्धविराम के बाद चमन बॉर्डर आंशिक रूप से फिर से खुला

**कराची :** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद दोनों देशों के बीच स्थित चमन बॉर्डर आंशिक रूप से फिर से खुल गया है। सीमा पर कई दिनों तक हुई हिंसक झड़पों में दोनों पक्षों के कई लोग मारे गए थे। कई अफगान परिवारों ने सोमवार को बलूचिस्तान प्रांत में दक्षिण-पश्चिमी सीमा पार करना शुरू कर दिया जबकि अफगानिस्तान जाने वाले कई कंटेनर वाहनों की आवाजाही भी हुई। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष शुरू होने पर चमन बॉर्डर सील कर दिया गया था जिससे कराची बंदरगाह से माल ले जा रहे लगभग 400 कंटेनर वाहन सीमा पर फंस गए थे। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्पिन बोल्डक बॉर्डर पर भी ऐसी ही स्थिति देखी गई जहां पाकिस्तान आने वाले कंटेनर वाहन फंस गए थे। चमन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष नफीस जान अचकजई ने कहा कि दोहा में दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के बाद सोमवार शाम से सीमा आंशिक रूप से फिर से खोल दी गई है। उन्होंने कहा, 'इस दौरान कराची से आने वाले लगभग 400 कंटेनर वाहन धीरे-धीरे अफगानिस्तान में प्रवेश करने लगे हैं, जबकि 550 परिवार भी सीमा पार कर चुके हैं, जिनमें लगभग 3,400 लोग शामिल हैं।' उन्होंने बताया कि ये परिवार कराची से आए थे क्योंकि अधिकारियों ने उन्हें बिना उचित दस्तावेजों के कराची में रहते हुए पाया था इसलिए उन्हें स्वदेश वापसी का आदेश दिया गया था।

## वर्ग पहेली नं. 3240

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 | |
| 7 | | ■ | | ■ | 8 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 9 | 10 | | ■ | 11 | | 12 |
| 13 | | 14 | ■ | 15 | | 16 | ■ | 17 | |
| | ■ | 18 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 19 | 20 | | ■ | ■ | 21 | | 22 | 23 | |
| ■ | | ■ | 24 | 25 | | ■ | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | ■ | 28 | | 29 |
| 30 | | ■ | ■ | 31 | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) बहानेबाज़ी, 4) राजनेता, 7) दुनिया, 8) मस्तक, 9) बलवान; जबरदस्त, 11) अटकना, 13) गुज़रना, 15) सुगंध, 17) *जग;* मग्गा, 18) मध्यमस्तरीय; बिचला, 19) टीस, 21) आवश्यकताग्रस्त, 24) अत्यधिक, 26) सुझाव, 27) चमकीला, 28) एक पालतू मादा पशु, 30) मातामह, 31) जिसके नाम हिसाबकिताब हो.

*ऊपर से नीचे:-* 1) वर्तमान में, 2) भारत में एक शहर, 3) कमल, 4) नमस्कार, 5) टोली; मंडली, 6) धूर्तता; चालाकी, 10) एक पक्षी, 12) नापसंद, 13) चकल्लस, 14) नामधारी, 16) भयानक, 20) संकोच करना *(नववधू का),* 21) पेंदा, 22) भेदभावहीन; समभार, 23) गवैया, 24) प्रस्थान, 25) पूर्वज, 27) छोला, 29) भालू.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नु | भ | वी | ■ | दे | खा | दे | खी | ■ |
| ना | ■ | भ | र | पू | र | ■ | व | ■ | चु |
| प | द | क | ■ | ज | ■ | द | र | खा | स्त |
| श | ■ | ना | मु | ना | सि | ब | ■ | रा | ■ |
| ना | श | ■ | र | ■ | या | द | व | ■ | दू |
| प | ह | रे | दा | र | ■ | बा | र | दा | ना |
| ■ | ना | ■ | ■ | म | स | ■ | ना | ना | ■ |
| आ | ई | ना | ■ | क | ब | श्री | ■ | पा | ला |
| दी | ■ | ज़ | ना | ना | ■ | म | नो | नी | त |

## सुडोकू-पहेली-3197

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | | | |
| 9 | | | | | 3 | | | |
| | | | | 5 | | 4 | 9 | |
| | | 4 | | | 6 | | | 5 |
| | | | | | | | 4 | 1 |
| | | | | 3 | 8 | 6 | | 2 |
| | | | 7 | | | 2 | | |
| | 3 | 5 | 8 | 6 | | | | |
| | 1 | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3196 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 1 | 3 | 4 | 9 | 5 | 6 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 7 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 4 | 1 | 9 | 2 | 8 | 3 | 6 | 7 | 5 |
| 8 | 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 5 | 7 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 |


दिवाली की शाम पटाखे जलाते बच्चे


कालीघाट स्थित अपने आवास पर सोमवार को काली पूजा करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी


काली पूजा पंडालों में आंगतुकों की भारी भीड़

### राज्य में एसआईआर की अधिसूचना जल्द,

## दिल्ली में निर्वाचन आयुक्त की बैठक के बाद होगा ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) की अधिसूचना इस सप्ताह जारी होने की संभावना है। एक अधिकारी के अनुसार, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ होने वाली अहम बैठक के बाद इस पर आधिकारिक घोषणा की जाएगी। यह बैठक बुधवार और गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त करेंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा सभी राज्यों में एसआईआर की प्रगति और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा रहेगा। विशेष ध्यान उन राज्यों पर रहेगा, जहां अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने वाले हैं- इनमें पश्चिम बंगाल भी शामिल है।

चुनाव आयोग के अनुसार, इस वर्ष जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, वहां एसआईआर प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जा रही है। बिहार में यह प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है। बता दें कि वर्तमान मतदाता सूची की 2002 की सूची से 'मैपिंग और मैचिंग' की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। इस प्रगति की जानकारी पश्चिम बंगाल के सीईओ कार्यालय की टीम इस सप्ताह दिल्ली बैठक में चुनाव आयोग को देगी।

## कोलकाता में काली पूजा के बाद हवा की गुणवत्ता बिगड़ी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में सोमवार की रात काली पूजा के अवसर पर आतिशबाजी के बाद मंगलवार को वायु गुणवत्ता 'खराब' रही। पर्यावरणविदों ने आरोप लगाया कि काली पूजा पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डब्ल्यूबीपीसीबी) और पुलिस के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए रात आठ से 10 बजे के निर्धारित समय के बाद भी पटाखे फोड़े गए, जिसकी वजह से प्रदूषक तत्व हवा में रहे। डब्ल्यूबीपीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार की आधी रात के आसपास विक्टोरिया मेमोरियल में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 186 दर्ज किया गया जो मंगलवार की दोपहर दो बजे 253 (पीएम 2.5) पहुंच गया। यादवपुर में आज एक्यूआई 207, वहीं बॉलीगंज में 213 दर्ज किया गया जो सोमवार आधी रात के समय क्रमशः 159 और 134 था। सोमवार रात आठ बजे विक्टोरिया मेमोरियल में एक्यूआई 164, फोर्ट विलियम में 117, बेलूर मठ में 161 और रवींद्र भारती विश्वविद्यालय में 102 था। हालांकि, हावड़ा के बेलूर में सोमवार रात एक्यूआई 364 दर्ज किया गया जो घटकर 213 रह गया। पीसीबी अधिकारी ने कहा कि एक्यूआई बिगड़ने को सीधे तौर पर पटाखों के जलने से नहीं जोड़ा जा सकता, जो पिछले साल की तुलना में कम था। इसके अलावा, नीरी द्वारा अनुमोदित हरित आतिशबाजी का ज़्यादातर इस्तेमाल किया गया। इसके लिए मौसम को ज़िम्मेदार ठहराया जा सकता है, जिसमें बारिश या दक्षिणी हवाओं के अभाव में गर्म और आर्द्र परिस्थितियों के बीच प्रदूषक हवा में रह गए। उन्होंने कहा कि वे परिणामों का विश्लेषण कर रहे हैं।

### कोलकाता में दिवाली के दौरान प्रदूषण पिछले साल से कम रहा : कोलकाता पुलिस आयुक्त



कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने मंगलवार को दावा किया कि इस वर्ष दीपावली के दौरान महानगर में ध्वनि और वायु प्रदूषण का स्तर पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम रहा। साथ ही, उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के मामले में कोलकाता अन्य बड़े शहरों से भी बेहतर स्थिति में रहा। पुलिस आयुक्त के अनुसार, शहर में प्रशासनिक नियमों के उल्लंघन के मामले भी इस बार कम दर्ज किए गए। विभिन्न इलाकों में तैनात पुलिस और प्रदूषण नियंत्रण दलों ने बताया कि इस वर्ष दीपावली पर नियंत्रण व्यवस्था काफी प्रभावी रही। पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने कहा कि हमने पूरे शहर में लगातार निगरानी रखी। शाम तक के आंकड़े बताते हैं कि देश के अन्य शहरों की तुलना में कोलकाता में प्रदूषण का स्तर काफी कम रहा। अभी रात 10 बजे और 12 बजे के आंकड़ों का विश्लेषण बाकी है, लेकिन यह स्पष्ट है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार दीपावली पर शहर में ध्वनि और वायु प्रदूषण दोनों में कमी आई है।

## नैहाटी में 'बड़ोमा' की पूजा में शामिल हुए अभिषेक बनर्जी



**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी मंगलवार को नैहाटी पहुंचे और प्रसिद्ध 'बड़ोमा' काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने देवी काली को बनारसी साड़ी अर्पित कर पूजा की और आरती भी की। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए काले कष्टिपाषाण से बनी बड़ोमा की एक मूर्ति और एक तस्वीर भी साथ ली। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार की दोपहर वे वहां पहुंचे। अभिषेक बनर्जी ने पूजा-अर्चना की और उसके बाद मुख्य मंदिर में जाकर बड़ोमा के चरणों में शीश नवाया। इस अवसर पर उनके साथ बैरकपुर के सांसद पार्थ भौमिक और नैहाटी के विधायक सनत दे भी मौजूद थे।

## मानिकतला में चंदा न देने पर मूर्ति कलाकार की पिटाई, चार गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** काली पूजा की प्रतिमा सजाकर घर लौट रहे एक मूर्ति शिल्पकार को इलाके के ही कुछ क्लब सदस्यों ने बेरहमी से पीट दिया है। मामले में शिकायत मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को कोलकाता पुलिस की ओर से जारी बयान में इस बारे में जानकारी दी गई है। आरोप है कि वे लोग उससे पूजा के लिए 2,001 रुपये चंदा की मांग कर रहे थे। जब शिल्पी ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर अगले दिन पैसे देने की बात कही, तो उन लोगों ने उस पर हमला कर दिया। घटना कोलकाता के मानिकतला इलाके की है। बताया गया है कि प्रतिमा सजाने का काम करने वाले परितोष चक्रवर्ती (57) रविवार की रात करीब 11.30 बजे काली प्रतिमा सजाने के बाद घर लौट रहे थे। आरोप है कि घर से लगभग 200 मीटर दूर चार क्लब सदस्य संतु समद्दार, राजा सरकार, विश्वनाथ दास और बिशु दास ने उन्हें घेर लिया। सभी नशे में थे। परितोष के बेटे पृथ्वीश चक्रवर्ती ने बताया कि वे कह रहे थे कि पिछले साल भी चंदा नहीं दिया गया था, इसलिए इस बार दोनों साल मिलाकर 2001 रुपये देने होंगे। परितोष ने अगले दिन चंदा देने का आश्वासन दिया, लेकिन आरोपितों ने उसी वक्त पैसे की मांग पर जोर दिया और मना करने पर उन पर हमला कर दिया।

आरोप है कि चारों ने सड़क पर गिराकर परितोष को बुरी तरह पीटा। शिल्पी के सिर, चेहरे और आंख में गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों के जुटने पर आरोपित मौके से फरार हो गए। घायल परितोष को आरजी कर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके सिर पर पांच टांके आए हैं और आंख की चोट भी गंभीर बताई गई है। घटना की शिकायत दर्ज होते ही मानिकतला थाने की पुलिस हरकत में आई और मात्र साढ़े चार घंटे में चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपित एक ऑटो में सवार होकर अलग-अलग जगहों पर छिपने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन ईएम बाईपास के पास सॉल्टलेक स्टेडियम के नजदीक से उन्हें पकड़ा गया।

## काली पूजा की रात कोलकाता में नियमों का उल्लंघन, 640 लोग गिरफ्तार

### भारी मात्रा में पटाखे और अवैध शराब जब्त



**कोलकाता, समाज्ञा :** काली पूजा उत्सव के दौरान प्रतिबंधित पटाखों को फोड़ने, हुड़दंग मचाने और जुए जैसी अवैध गतिविधियों के लिए कोलकाता के विभिन्न हिस्सों से कुल 640 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने सोमवार की रात पूजा के दौरान 852.45 किलो पटाखे और 68.4 लीटर शराब भी जब्त की। उन्होंने बताया कि हुड़दंग मचाने के आरोप में कुल 451 लोगों को, अवैध पटाखे फोड़ने के लिए 183 लोगों को और जुआ खेलने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि कोलकाता यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट के पिछली सीट पर सवारी करने, पटाखे फोड़ने, हुड़दंग मचाने और तेज व लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में भी कुल 882 लोगों पर मामला दर्ज किया। उन्होंने बताया कि शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में 99 और नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में 156 लोगों पर मामला दर्ज किया गया।

### गरफा में पटाखा छोड़ने के दौरान महिला से छेड़खानी

**कोलकाता, समाज्ञा :** काली पूजा की रात पटाखे फोड़ने के बहाने एक महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना कोलकाता के गरफा थाना इलाके में हुई। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोमवार की रात पीड़िता अपनी कुछ सहेलियों के साथ पटाखे फोड़ रही थीं। उसी दौरान, उसके साथ छेड़छाड़ की गई। आरोप है कि आरोपित युवक पीड़िता की एक दोस्त का बड़ा भाई है और वह भी उसी समूह के साथ पटाखे फोड़ रहा था। पटाखे फोड़ने के बहाने उसने महिला से अश्लील हरकत की। घटना के बाद रात में ही पीड़िता ने गरफा थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। मंगलवार की सुबह आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश में है कि घटना के समय मौके पर और कौन-कौन मौजूद था।


**पूर्व रेलवे**

मुख्य कार्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 नीचे उल्लिखित कार्यों के लिए सरकारी विभागों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की उचित तालिका में शामिल तथा रेलवे के सम्माननीय, अनुमोदित एवं पात्र ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:- **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या:** एईएनशॉप-एडीएमआई एनजीएफ-25-26, **दिनांक:** 17.10.2025। **कार्य का नाम:** लिलुआ वर्कशॉप के प्रशासनिक भवन (ग्राउंड फ्लोर) डब्ल्यूपीओ ऑफिस सेक्शन, पीई चेंबर, एपीओ चेंबर, एडब्ल्यूओ चेंबर, दो एडब्ल्यूएम चेंबर, टाइम ऑफिस, पीसीओ एवं आरएफ सेक्शन का विस्तार, रूपांतरण एवं जीर्णोद्धार के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,67,61,325.02। **बयाना राशि:** ₹ 2,83,800। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या:** एईएन-शॉपडब्ल्यूएसए-25-26-एलएलएच-आर-1, **दिनांक:** 17.10.2025। **कार्य का नाम:** सीडब्ल्यूएम/लिलुआ वर्कशॉप के अधीन लिलुआ में वर्कशॉप स्पोर्ट्स ग्राउंड का क्रमोन्नयन तथा स्पोर्ट्स गैलरी एवं स्पोर्ट्स अधिकारी कक्ष आदि के साथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन बिल्डिंग (दो मंज़िला) का निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,39,45,355.07। **बयाना राशि:** ₹ 2,19,700। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **पूरा करने की अवधि:** 270 दिन (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 11.11.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। संशोधनी (यदि कोई हो) सहित निविदाओं का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे अपने प्रस्ताव उपयुक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(MISC-241/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/ 25/21(नोटिस)/706, दिनांक: 17.10.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युतीय कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्र.सं.:** 1। **निविदा संख्या:** ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3496। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के अधीन बैंडेल, बर्द्धमान, आजिमगंज, रामपुरहाट में रेलवे इंस्टिट्यूट का जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में विद्युतीय (साधारण) कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 95,09,960। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 1,90,200। **पूरा करने की अवधि:** 180 दिन। **क्र.सं.:** 2। **निविदा संख्या:** ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3501। **कार्य का नाम:** दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल में कलपुर्जों की बदली द्वारा मरम्मत सहित विभिन्न क्षमता के डीजी सेट की "बी" चेक एवं "सी" चेक रखरखाव। **निविदा मूल्य:** ₹ 48,60,588। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 97,200। **पूरा करने की अवधि:** 24 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 06.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन में खोला जाएगा। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें।

(HWH-351/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## साल्टलेक में तृणमूल नेता पर गोलीबारी, बाल-बाल बचे

### गोली नहीं लगी तो हमलावर ने बंदूक की बट से सिर पर किया वार



**कोलकाता, समाज्ञा :** काली पूजा के दिन सोमवार की सुबह साल्टलेक के दत्ताबाद क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के ट्रेड यूनियन नेता और पूर्व पार्षद निर्मल दत्ता पर जान-लेवा हमला किया गया। हमलावरों ने उन पर गोली चलाई, लेकिन वह बाल-बाल बच गए। इसके बाद, हमलावर ने बंदूक की बट से उनके सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर स्थिति में उन्हें तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दत्ता सुबह करीब 7.30 बजे दत्ताबाद स्थित वार्ड कार्यालय पहुंचे थे, तभी एक युवक ने उन पर दो गोलियां चलाईं। दोनों गोलियां निशाने पर नहीं लगीं। इसके बाद, युवक ने उन पर बंदूक की बट से हमला किया और मौके से फरार हो गया। बिधाननगर दक्षिण थाने की पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावर की पहचान की जा सके।

## सोनारपुर में मासूम की मौत, दादा और नौकरानी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले में रविवार को एक पांच वर्षीय बच्ची की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने सोमवार को उसके दादा को मुख्य आरोपित के रूप में गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोनारपुर इलाके में रहने वाली प्रत्युषा कर्मकार नामक बच्ची को पड़ोसियों ने रक्तरंजित हालत में घर के फर्श पर पड़ा देखा। उन्होंने तुरंत उसे सोनारपुर ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के समय बच्ची के माता-पिता कोलकाता में अपने कार्यस्थल पर थे। उन्होंने प्रत्युषा को अपने माता-पिता (दादा-दादी) और एक नर्स की देखरेख में छोड़ा था। पुलिस ने रविवार को तीनों दादा-दादी और नर्स को हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद सोमवार को दादा प्रणब भट्टाचार्य को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि प्रणब अपनी विवाहित छोटी बेटी के घर में ही रहते थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रणब भट्टाचार्य अपनी पोती से नाराज थे क्योंकि उनकी बेटी ने लड़की को जन्म दिया था। वहीं, मृत बच्ची की बड़ी बुआ की भी करीब दस वर्ष पहले संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। उसकी भी हत्या के आरोप लोग प्रणब पर ही लगा रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच हर पहलू से शुरू कर दी है और आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि परिवार के भीतर के विवादों और घटनाओं की कड़ी जोड़ी जा सके।

## स्कॉर्पियो सड़क पर खड़े व्यक्ति को टक्कर मारते हुए दुकान में घुसा, एक की मौत




**कोलकाता :** नदिया जिले के कृष्णनगर के पालपाड़ा में मंगलवार सुबह एक भयानक सड़क हादसा हुआ। जिसमें तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो ने नियंत्रण खो दिया और सड़क पर खड़े एक व्यक्ति को टक्कर मारते हुए दुकान में घुस गई। इस हादसे में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सुजित माहतो के रूप में हुई है, जो कृष्णनगर के बरुइहूड़ा इलाके के निवासी थे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घटना उस समय हुई जब सुजित माहतो 12 नंबर राष्ट्रीय सड़क के पास एक दुकान के सामने बस में चढ़ने के लिए खड़े थे। अचानक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनका रास्ता रोकते हुए उन्हें टक्कर मार दी और दुकान में घुस कर पलट गई। इस गंभीर टक्कर के कारण सुजित माहतो गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत शक्तिनगर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के उपाय किए जा रहे हैं।

## काली पूजा की रात कसबा में विशेष रूप से सक्षम युवक पर हमला

### दो नशे में धुत बदमाश गिरफ्तार

**कोलकाता :** काली पूजा की रात दक्षिण कोलकाता के कसबा इलाके में एक विशेष रूप से सक्षम युवक पर दो नशे में धुत बदमाशों ने बेरहमी से हमला कर दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घायल युवक का नाम मंगला हालदार है, जो कसबा के जोगिंद्र गार्डन इलाके का निवासी है।

सूत्रों के अनुसार, सोमवार रात मंगला हालदार ने देखा कि उसके घर के सामने काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है। उसने आयोजकों से पूछा कि यह पूजा किसकी अनुमति से की जा रही है और क्या इसके लिए प्रशासन से अनुमति ली गई है या नहीं। इसी बात को लेकर कुछ स्थानीय युवकों के साथ उसका विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोप है कि दो नशे में धुत युवकों ने मंगला को सड़क पर गिराकर बेरहमी से पीटा।

उसकी चीख-पुकार सुनकर उसका चाचा बलराम हालदार घर से बाहर निकला और अपने भतीजे को बचाने की कोशिश की, लेकिन आरोप है कि बदमाशों ने उस पर भी हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को किसी तरह बचाया।

जानकारी के अनुसार, मंगला हालदार जगद्धात्री पूजा से भी जुड़ा हुआ है और आरोप है कि उन्हीं दो बदमाशों ने उसे उस पूजा में भाग लेने से मना किया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये दोनों युवक इलाके में असामाजिक गतिविधियों में लिप्त रहते हैं और कोई विरोध करने पर धमकाते हैं।

घटना के बाद कसबा थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से इलाके में आक्रोश और तनाव का माहौल व्याप्त है।


विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL | EDUCATION | OBITUARY
PROPERTY | NAME CHANGE | REMEMBRANCE
RECRUITMENT | PUBLIC NOTICE | DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# मालदह में 1.5 करोड़ रुपये के ब्राउन शुगर बरामद, छह गिरफ्तार

**मालदह :** ज़िले के गाजोल थाना इलाके में पुलिस ने सोमवार की रात बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए, लगभग 1.7 किलो ब्राउन शुगर और नशीले पदार्थ बनाने के कच्चे माल बरामद किए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में इस नशीले पदार्थ की कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर गाजोल थाने की पुलिस ने पंडुआ ग्राम पंचायत के ब्रजबिटा इलाके में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके से छह संदिग्धों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गंगानारायणपुर निवासी संजय मंडल (34) और प्रशांत मंडल (24), उजियारपुर निवासी पांडव मंडल (44) और पवन मंडल (24), तथा मोदापुर निवासी दिलीप मंडल (46) और फुलचंद मंडल (32) के रूप में हुई है। कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तलाशी के दौरान फुलचंद मंडल के घर से तकिए के नीचे पॉलीथिन और प्लास्टिक बैग में छिपाकर रखी गई ब्राउन शुगर और नशीले पदार्थों के निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे माल बरामद किए गए। इसके अलावा प्रोसेसिंग के उपकरण भी मौके से जब्त किए गए। पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। प्रारंभिक जांच से संकेत मिले हैं कि यह गिरोह लंबे समय से सीमावर्ती इलाकों में नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी और निर्माण में सक्रिय था।

## मालदह में 1.4 करोड़ रुपये के ब्राउन शुगर के साथ महिला गिरफ्तार



**मालदह :** जिले में सोमवार की दोपहर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 1.4 करोड़ रुपए के ब्राउन शुगर के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान कंचन देवी (35) के रूप में हुई है जो बिहार के नाथनगर की रहने वाली है। आरोप है कि वह ब्राउन शुगर के एक किलो 343 ग्राम के साथ टोटो द्वारा कालीचक से फरक्का जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे जब पकड़ा और तलाशी ली तो उसके पास से ब्राउन शुगर के अलावा 18 हजार 250 रुपये नगद भी बरामद किया गया। इस नशीली पदार्थ की स्थानीय बाजार कीमत करीब 1.4 करोड़ रुपये आंकी गई है। मामले में खास कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर विशेष मामला दर्ज किया है।

# दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामला : छह में से दो आरोपियों के बयान दर्ज

## दो आरोपी सरकारी गवाह बनने को तैयार



**दुर्गापुर :** पश्चिम बर्दवान जिले के दुर्गापुर स्थित एक निजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की द्वितीय वर्ष की छात्रा से इस महीने की शुरुआत में कॉलेज के बाहर एक जंगली इलाके में हुए दुष्कर्म के मामले में छह आरोपियों में से दो के बयान मंगलवार को एक अदालत में न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज किए गए। आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय के सूत्रों ने बताया कि छह आरोपियों में से दो के बयान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 183 के तहत दर्ज किए गए, जिसके तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट किसी जांच के दौरान किसी आरोपी या गवाह के बयान और स्वीकारोक्ति दर्ज कर सकता है। मंगलवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज होने के बाद, दोनों आरोपियों को वापस हिरासत में भेज दिया गया। सभी छह आरोपियों को बुधवार को दुर्गापुर स्थित उसी जिला अदालत में फिर से पेश किया जाएगा। अब, छह आरोपियों में से दो के न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज होने के साथ, संभावना है कि दोनों आरोपी मामले में सरकारी गवाह बन सकते हैं। छह दिनों की पूछताछ के बाद भी, पुलिस को अपनी जांच के दौरान दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के पुरुष मित्र और स्थानीय गांव के पांच गिरफ्तार युवकों के बयानों में विसंगतियां मिली हैं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस इस सामूहिक दुष्कर्म मामले में कुछ गुम कड़ियों को खोजने की कोशिश कर रही है।

### काली पूजा की रात बिजली के झटके से एक महिला की दर्दनाक मौत

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद में काली पूजा की रात एक दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतका की पहचान मौसमी बीबी(25) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मौसमी बीबी डोमकल ब्लॉक के शाहबाजपुर गांव की निवासी थीं और अपने पिता का इलाज कराने के लिए मायके नाजिरपुर आई हुई थीं। पिता को बहरामपुर से डॉक्टर को दिखाने के बाद वह घर लौटीं और शाम के समय अपनी बेटी के बुखार की दवा लेकर घर के मुख्य गेट के पास बैठी थीं। इसी दौरान अचानक गेट की लोहे की ग्रिल में बिजली प्रवाहित हो गई, जिससे मौसमी बीबी करंट की चपेट में आ गईं और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजन उन्हें तुरंत मुर्शिदाबाद के डोमकल महकमा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

## बर्दवान में मां काली के प्रतिमा से सोने के गहनों की चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**पूर्व बर्दवान :** जिले के मेमारी थाना अंतर्गत दलुई बाजार स्थित जमींदार बनर्जी बाड़ी के काली पूजा मंडप से सोने के गहने चोरी होने की घटना के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने चोरी का पर्दाफाश कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक देवज्योति चौधरी (32) को गिरफ्तार कर लिया है, जो बर्दवान सदर थाना के खोस बगान इलाके का निवासी है। पता चला है कि देवज्योति अपने एक रिश्तेदार के साथ काली पूजा देखने जमींदार घर आया था। इस बीच, प्रतिमा पर चढ़ाये गये लगभग दस भरी सोने के आभूषण अचानक गायब हो गये, जिसके बाद परिवार की ओर से पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस अधिकारियों की टीम तुरंत जांच में जुट गयी और घर के सभी लोगों से पूछताछ की। घटना के बाद देवज्योति के गायब होने पर पुलिस को संदेह हुआ। उसके घर जाकर पूछताछ करने पर उसने अपराध कबूल कर लिया और प्रतिमा से गहनों की चोरी की बात स्वीकार की। चोरी के सभी आभूषण पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। मंगलवार को आरोपी को बर्दवान अदालत में पेश किया गया।

## हेरिटेज ग्रुप के सीईओ प्रदीप अग्रवाल को एजुकेशनवर्ल्ड 2025 में शिक्षा नेतृत्व पुरस्कार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता स्थित हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप अग्रवाल को एजुकेशनवर्ल्ड एक्स्ट्राऑर्डिनरी एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 15 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित एजुकेशनवर्ल्ड अवार्ड्स सेरेमनी में प्रदान किया गया। इस पुरस्कार के माध्यम से श्री अग्रवाल के दूरदर्शी नेतृत्व, निरंतर प्रतिबद्धता और हेरिटेज ग्रुप को पूर्व भारत के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में विकसित करने में उनके योगदान को सराहा गया है। श्री अग्रवाल के नेतृत्व में हेरिटेज ग्रुप ने अकादमिक उत्कृष्टता और मानवीय मूल्यों का संतुलन स्थापित किया है। इसके तहत स्कूल और कॉलेजों में शोध, रचनात्मकता और चरित्र निर्माण को बढ़ावा देते हुए एक गतिशील शैक्षणिक वातावरण तैयार किया गया है। संस्थानिक सफलता के अलावा, श्री अग्रवाल संकट की घड़ियों में भी मजबूती के स्तंभ साबित हुए हैं। वैश्विक व्यवधान, सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियां और सामाजिक अनिश्चितताओं के दौरान उनकी स्थिर और सहानुभूतिपूर्ण मार्गदर्शन ने हेरिटेज समुदाय में निरंतरता, सुरक्षा और मनोबल बनाए रखा। पुरस्कार स्वीकार करते समय श्री अग्रवाल ने इसे हेरिटेज के संपूर्ण परिवार – फैकल्टी, छात्रों और कर्मचारियों को समर्पित किया। हेरिटेज ग्रुप पूर्व भारत के अग्रणी शैक्षणिक समूहों में से एक है, जो एजुकेट, एम्पावर, इनलाइटन के सिद्धांत के तहत ज्ञान और मूल्य-आधारित शिक्षा के माध्यम से जीवन बदलने का कार्य करता है।

## बर्दवान में शराबी बेटे ने की पिता की हत्या, गिरफ्तार

**पूर्व बर्दवान :** जिले के ख़ंडघोष थाना अंतर्गत सगराई रायपाड़ा गांव में एक बेटे पर शराब के नशे में अपने पिता की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मृतक की पत्नी और स्थानीय लोग उसकी कड़ी से कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं। मृतक की पहचान बिपत्तरण राय (55) के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी और बेटे प्रदीप राय के साथ सगराई रायपाड़ा इलाके में रहते थे।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, प्रदीप रोजाना शराब पीकर घर लौटता था और झगड़ा करता था। रविवार रात को भी वही हुआ। प्रदीप ने नशे में अपने पिता से झगड़ा शुरू किया और अचानक कील लगे एक बांस से उन पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रदीप ने अपने पिता पर बेरहमी से प्रहार किए, जिससे वे लहूलुहान होकर ज़मीन पर गिर पड़े। पड़ोसी उन्हें बचाने के लिए दौड़े और घायल अवस्था में पहले खंडघोष ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। लेकिन हालत बिगड़ने पर उन्हें बर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान सोमवार तड़के उनकी मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि घटना के समय मृतक की पत्नी घर पर नहीं थीं। जब वह लौटीं, तो उन्होंने अपने पति को रक्तरंजित हालत में ज़मीन पर पड़ा पाया। पुलिस ने आरोपित बेटे प्रदीप राय को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पत्नी ने अपने ही बेटे के लिए कठोर से कठोर सजा की मांग की है।

## बासंती हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो की मौत




**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले में बासंती हाईवे पर सोमवार के तड़के एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अब्दुल हलीम मोल्ला और सैफुद्दीन मोल्ला के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, यह दुर्घटना बासंती थानांतर्गत आमझाड़ा इलाके में हुई। दोनों बाइक तेज रफ्तार में आमने-सामने से आ रही थीं। नियंत्रण खोने के बाद दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई है, जिससे सवार युवक सड़क पर जा गिरे। स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद बसंती हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। हालांकि, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद हालात सामान्य कर दिए गए। प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि यह हादसा तेज रफ्तार और नियंत्रण खोने के कारण हुआ। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं दुर्घटना के पीछे कोई अन्य वजह तो नहीं थी।

## पूर्व रेलवे की विशेष तैयारी: छठ पर्व पर यात्रियों के लिए 1300 से अधिक विशेष ट्रेन

❑ **भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष तैयारियां की हैं। इस वर्ष पूरे उत्सव सीजन में 1300 से अधिक विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है ताकि यात्रियों को अपने गंतव्यों तक सुरक्षित, सुगम और आरामदायक यात्रा मिल सके। पूर्व रेलवे द्वारा 332 पूजा स्पेशल ट्रेनों का संचालन हावड़ा, सियालदह, कोलकाता, आसनसोल, मालदह और भागलपुर से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा, अन्य ज़ोनल रेलों की 662 विशेष ट्रेनों का संचालन पूर्व रेलवे क्षेत्र में किया जा रहा है, जबकि 320 विशेष ट्रेनें पूर्व रेलवे नेटवर्क से होकर गुजर रही हैं, जिससे मार्ग के स्टेशनों के यात्रियों को भी लाभ मिल रहा है।

छठ पर्व के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए पूर्व रेलवे ने 21 से 27 अक्टूबर 2025 के बीच कुल 176 विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। इनमें 108 ट्रेनें बिहार एवं पूर्वी भारत के लोकप्रिय स्थलों – रक्सौल, मधुबनी, जयनगर, बरौनी, पटना, बक्सर, सहरसा, पूर्णिया कोर्ट, गोरखपुर, मऊ, बढ़नी और बनारस क्षेत्र – के लिए चलाई जाएंगी। वहीं, 68 ट्रेनें दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल, ऋषिकेश, लालकुआं, कानपुर, लखनऊ, खाटीपुरा, वडोदरा, उधना और गांधीधाम जैसे गंतव्यों की ओर संचालित होंगी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूर्व रेलवे ने प्रमुख स्टेशनों पर विशेष होल्डिंग एरिया तैयार किए हैं – जिनमें हावड़ा (558 वर्गमीटर), सियालदह (200 वर्गमीटर), आसनसोल (210 वर्गमीटर), जसिडीह (595 वर्गमीटर) और भागलपुर (508.8 वर्गमीटर) प्रमुख हैं। आरपीएफ कर्मी और फील्ड स्टाफ यात्रियों के सुचारू आवागमन को सुनिश्चित कर रहे हैं। साथ ही, यात्रियों की सुविधा के लिए अनारक्षित विशेष ट्रेनों का संचालन भी किया जा रहा है, जिनमें हावड़ा-रक्सौल, कोलकाता-मधुबनी, कोलकाता-गोरखपुर, आसनसोल-गोरखपुर, वर्दवान-फतुहा, साहिबगंज – भागलपुर और भागलपुर-बांका जैसी ट्रेनें शामिल हैं।

## पुरुलिया में तांत्रिक के शक में आदिवासी महिला की हत्या, आठ गिरफ्तार

**पुरुलिया :** काली पूजा की रात पुरुलिया में एक आदिवासी महिला की तांत्रिक होने के संदेह में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना पाड़ा थाना अंतर्गत चापुरि गांव की है। पुलिस ने मंगलवार को इस मामले में आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मृतका के रिश्तेदार भी शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतका का नाम पदबी टुडू था। सोमवार की रात वह अपने घर में काली पूजा की तैयारी कर रही थी। उसी समय उसका देवर हिटलर टुडू और उसकी पत्नी जलेश्वरी घर पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने पदबी को घर के आंगन में घसीटकर ले गए और डंडों से बेरहमी से पीटा। आरोप यह भी है कि महिला के सिर पर घर में रखे लोहे के खंती (खुदाई के औजार) से वार किया गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने रक्तरंजित पदबी टुडू को परा ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पाड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया मेडिकल कॉलेज भेज गया।

पुरुलिया जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से अधिकतर मृतका के परिजन हैं। पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



बेहाला बारा बागान ब्लू ड्रैगन क्लब में काली पूजा का भव्य आयोजन किया गया

### मेमारी में बच्ची से यौन शोषण के आरोप में तीन नाबालिग गिरफ्तार

**पूर्व बर्दवान :** जिले के मेमारी में तीन नाबालिगों पर 6 साल के क बच्चे का लगातार यौन शोषण करने का आरोप लगा है। मेमारी थाने ने बच्चे के पिता की शिकायत के आधार पर तीनों नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बच्चों की उम्र 14 से 17 साल के बीच है। सोमवार को गिरफ्तार किए गए बच्चों को बर्दवान सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें 28 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में रखने का आदेश दिया। तीनों को सुधार गृह भेज दिया गया है। पीड़ित बच्चे के पिता ने आरोप लगाया कि उनके बेटे के साथ लगातार दुर्व्यवहार किया जा रहा था। इस वजह से वह बीमार पड़ गया। कुछ दिनों से बच्चे के पेट के निचले हिस्से में दर्द रहने लगा। बेटे को डॉक्टर के पास ले जाया गया। शारीरिक जांच के बाद डॉक्टर ने महसूस किया कि बच्चे के साथ यौन शोषण किया गया है। परिवार वालों को इसकी जानकारी दी गई। बच्चे के पिता हैरान रह गए। बाद में, जब बच्चे से पूछताछ की गई तो असली घटना सामने आई। आरोप है कि बच्चे के साथ काफी समय से दुर्व्यवहार किया जा रहा था। आरोप यह भी है कि यौन शोषण का विरोध करने पर आरोपी उसके साथ मारपीट भी करते थे। उसे धमकी भी दी गई थी कि अगर किसी को बताया तो अंजाम बुरा होगा, इसीलिए डर के मारे बच्चे ने घर पर किसी को नहीं बताया। तीनों नाबालिग इलाके के ही रहने वाले हैं। वे कभी-कभी बच्चे को घर से बुलाकर ले जाते थे। बच्चे के माता-पिता को किसी पर शक नहीं हुआ क्योंकि वे परिचित थे। बताया जा रहा है कि तीनों आरोपी रविवार की दोपहर को भी बच्चे को बुलाकर ले जाना चाहते थे। उन्हें तुरंत पकड़ लिया गया। फिर, पीड़ित बच्चे के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उसके आधार पर पुलिस ने विशिष्ट धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

## कोलकाता के नेताजी नगर थाना क्षेत्र में दो तालाबों से दो लोगों के शव बरामद

❑ **पुलिस ने शुरू की जांच**



**कोलकाता :** नेताजी नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह दो अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने दोनों मामलों में अस्वाभाविक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुबह सबसे पहले सूचना मिली कि नेताजी नगर के रामगढ़ इलाके में एक तालाब में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ देखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है और उसके शरीर पर केवल एक गमछा था। अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस उसकी पहचान स्थापित करने और मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

उसी दिन सुबह, रामगढ़ के ही विद्यासागर कॉलोनी इलाके के एक अन्य तालाब से 56 वर्षीय प्रीतम चौधरी नामक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अविवाहित प्रीतम चौधरी अकेले रहते थे। पुलिस की प्रारंभिक जांच में अनुमान है कि सुबह दांत साफ करते समय उनका पैर फिसल गया और वे तालाब में गिर पड़े, जिससे उनकी डूबकर मौत हो गई।

दोनों ही घटनाओं को लेकर पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इन घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय और चिंता का माहौल है।

## आरपीएफ ने श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया पुलिस स्मृति दिवस 2025 समारोह



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने मंगलवार को लिलुआ स्थित आरपीएफ कैंप मुख्यालय में पुलिस स्मृति दिवस – 2025 मनाया। इस अवसर पर उन वीर आरपीएफ कर्मियों को नमन किया गया जिन्होंने देशभर में रेलवे यात्रियों और संपत्ति की सुरक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। समारोह में अमियानंदन सिन्हा, आईआरपीएफएस, महानिरीक्षक सह प्रमुख सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ), पूर्व रेलवे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने पुलिस स्मृति दिवस के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए बताया कि यह दिवस हर वर्ष 21 अक्टूबर को 1959 में लद्दाख के अक्साई चिन क्षेत्र में चीनी सैनिकों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हुए भारतीय पुलिस जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन पुलिस और सुरक्षा बलों के साहस, बलिदान तथा कर्तव्यनिष्ठा की भावना का प्रतीक है, जो देश की अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा के प्रति उनके अटूट समर्पण की याद दिलाता है। इस अवसर पर आईजी-कम-पी-सीएससी/आरपीएफ/पूर्व रेलवे ने वर्ष 2024-25 के दौरान कर्तव्यपालन के समय शहीद हुए 09 आरपीएफ कर्मियों तथा अन्य पुलिस और सुरक्षा बलों के 177 कर्मियों के नाम पढ़े और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद आरपीएफ कर्मियों में बदशाह सिंह (पूर्व मध्य रेलवे), संजय ओमप्रकाश मिश्रा (मध्य रेलवे), मंडला श्रीनिवास राव (पूर्व तटीय रेलवे), श्रीकांत वेंकट वाघमारे (मध्य रेलवे), रमेश कुमार सिंह (पूर्व मध्य रेलवे), अरविंद तोमर (उत्तरी रेलवे), हरि नारायण सरकार (पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे), पी. अय्यप्पन (दक्षिण रेलवे) और थियोडोर सोरेंग (दक्षिण पूर्व रेलवे) शामिल हैं। परेड के उपरांत वरिष्ठ अधिकारियों, उच्चाधिकारियों और कर्मचारियों ने आरपीएफ शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रसेवा में उनके अदम्य साहस, निष्ठा और सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया।

## सियालदह मंडल ने चलाई व्यापक सफाई एवं जागरूकता मुहिम



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने स्पेशल कैंपेन 5.0 और स्वच्छता अभियान 2025 के तहत विभिन्न स्टेशनों पर व्यापक स्वच्छता और जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया। इस अभियान में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे स्वच्छता के प्रति जनसहभागिता को बल मिला। 21 अक्टूबर 2025 को सियालदह मंडल के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग द्वारा बिराटी, बैरकपुर, चितपुर, दमदम जंक्शन, इछापुर, कोलकाता, कंचरापाड़ा, रानाघाट, सियालदह और श्रीरामपुर सहित कई स्टेशनों पर प्रभावी स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाए गए। इन अभियानों का उद्देश्य यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्थिरता के महत्व से अवगत कराना था, ताकि सभी के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अंतर्गत 'अमृत संवाद' नामक एक इंटरएक्टिव कार्यक्रम का आयोजन कोलकाता और बिराटी स्टेशनों पर किया गया, जिसमें यात्रियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने स्वच्छता से जुड़ी पहल पर अपने विचार साझा किए और स्टेशन की स्वच्छता व यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए।

## दक्षिण पूर्व रेलवे ने त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का विवरण दिया



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने मंगलवार को रेलवे मुख्यालय में मीडिया ब्रीफिंग के दौरान त्योहारों के मौसम में यात्रियों की बढ़ी हुई भीड़ को संभालने के लिए की गई तैयारियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार और अन्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। महाप्रबंधक ने बताया कि इस वर्ष दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पर्व के अवसर पर भारतीय रेलवे 12,000 से अधिक विशेष ट्रेनें चला रही है, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 7,724 थी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने 20 अक्टूबर तक कुल 922 विशेष ट्रेनें संचालित की हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अस्थायी होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं, और भविष्य में स्थायी होल्डिंग एरिया विकसित करने की योजना है। यात्रियों की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यालय और चारों मंडलों में वार रूम स्थापित किए गए हैं, जहां सीसीटीवी लाइव मॉनिटरिंग के माध्यम से निगरानी की जा रही है। वर्तमान में 6 नियमित विशेष ट्रेनें और 11 अतिरिक्त त्योहार विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं, साथ ही अन्य जोनों द्वारा चलाई गई 16 विशेष ट्रेनें भी दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्र से गुजर रही हैं।

महाप्रबंधक ने रांची स्टेशन पर फुटफॉल पिछले वर्ष के 53,000 से बढ़कर 58,000 होने की जानकारी दी, जबकि टाटानगर और शालीमार स्टेशनों पर पिछले वर्ष के समान यात्रियों की संख्या रही। अतिरिक्त कोचों के माध्यम से 20 अतिरिक्त रेक्स तैयार किए गए, जिनमें से 11 रेक्स दपूरा द्वारा और 9 अन्य जोनों को रेलवे बोर्ड के माध्यम से उपलब्ध कराए गए हैं। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी ट्रेनों में आरपीएफ और वाणिज्यिक कर्मियों की तैनाती की गई है। महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि इन सभी कदमों का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित,

## सियालदह डिवीजन ने काली पूजा और दिवाली के दौरान भीड़ प्रबंधन में सफलता हासिल की



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने काली पूजा और दिवाली के दौरान बढ़ी हुई यात्री भीड़ को संभालने के लिए प्रभावी और व्यापक भीड़ प्रबंधन योजना को सफलतापूर्वक लागू किया। सियालदह डिवीजन ने इस दौरान कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। चौबीसों घंटे संचालित समर्पित वार रूम में वरिष्ठ अधिकारियों और समर्पित कर्मचारियों द्वारा सीसीटीवी निगरानी के माध्यम से भीड़ पर नजर रखी गई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत समन्वित कार्रवाई की जा सके। बड़े होल्डिंग एरिया और आरपीएफ कर्मियों द्वारा पंक्ति अनुशासन बनाए रखने की रणनीति ने यात्रियों के प्रवेश को नियंत्रित किया। प्रवेश और निकास द्वारों का स्पष्ट विभाजन यात्रियों के प्रवाह को सुव्यवस्थित करने में सफल रहा और जाम की स्थिति को रोका गया। अतिरिक्त बुकिंग काउंटर और मोबाइल अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली के प्रचार ने टिकट खिड़कियों पर लंबी कतारों को कम किया, जबकि पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से यात्रियों को समय पर जानकारी प्रदान की गई। सियालदह डिवीजन ने 20 से 23 अक्टूबर 2025 तक नैहाटी, डानकुनी, बारासात, बारुईपुर और बनगांव क्षेत्रों के लिए विशेष ट्रेनें भी चलाईं। डिवीजन के डीआरएम राजीव सक्सेना ने बताया कि ये सभी कदम यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए हैं। व्यवस्थित भीड़ प्रबंधन ने भ्रम को समाप्त किया और प्रत्येक यात्री को सुरक्षित, सहज और प्रभावी यात्रा का अनुभव प्रदान किया।

# खड़दह में रंग बनाने की फैक्ट्री में भीषण आग, 20 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिले के खड़दह के ईश्वरिपुर इलाका स्थित एक रंग निर्माण फैक्ट्री में मंगलवार के तड़के भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने सुबह-सुबह फैक्ट्री से उठती तेज़ लपटें और धुआं देखकर दमकल को सूचना दी। घटनास्थल पर दमकल की कम से कम 20 गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास किया। हालांकि, आग की तीव्रता अधिक होने के कारण दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी तेज़ी से फैली कि आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। पूरा इलाका काले धुएं से ढंक गया था। शुरुआती अनुमान के अनुसार, फैक्ट्री के अंदर रासायनिक




पदार्थों का भंडार था, जिसके कारण आग तेजी से फैल गई। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्थिति पर लगातार नज़र रखी जा रही है, और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त गाड़ियां बुलाने की तैयारी है। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, हालांकि फैक्ट्री में कितना नुकसान हुआ है।

## उलूबेड़िया में लगी आग, कई दुकानें जलकर खाक

**हावड़ा, समाज्ञा :** दीपावली की शाम हावड़ा के उलूबेड़िया इलाके में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरा इलाका काले धुएं से ढक गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक तीन दुकानें जलकर राख हो गईं। हालांकि, नुकसान का सटीक अनुमान अभी तक नहीं लगाया जा सका है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घटना उलूबेड़िया के जयपुर के खालना बाज़ार के पास हरिसभा क्षेत्र की है। वहां एक दो मंज़िला इमारत है, जिसके निचले हिस्से में कई दुकानें थीं। सामने की ओर एक दवा की दुकान भी थी। अचानक एक दुकान में आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। एक किराने और एक इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान पलभर में जलकर खाक हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि किराने की दुकान के पीछे अवैध रूप से पेट्रोल और डीजल बेचा जाता था, जिसके कारण आग ने तुरंत भयावह रूप ले लिया। पूरे मामले की जांच जयपुर थाने की पुलिस कर रही है। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि आग इससे लगी या फिर शॉर्ट सर्किट के कारण। दमकल अधिकारियों ने बताया कि आग पूरी तरह बुझा दी गई है, अब उसके कारणों की जांच की जा रही है।

## कोन्नगर में दिवाली की रात इंडियन गैस दफ्तर में भीषण आग



**हुगली :** एक ओर जहां पूरा देश दीपावली का पर्व धूमधाम से मना रहा था, आतिशबाजी से आसमान जगमगा रहा था, वहीं, दूसरी ओर हुगली जिले के कोन्नगर स्थित डिओल्डी मोड़ के पास इंडियन गैस के दफ्तर में देर रात भीषण आग लग गई। आग की ऊंची लपटें देखकर स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना तुरंत दमकल विभाग और पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि यह घटना रात लगभग 12 बजे के बाद हुई। प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि कोई रॉकेट या सेल दफ्तर की छत पर आकर फटा, जिससे आग भड़क उठी। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दिवाली की रात घटी इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई, जबकि पुलिस और दमकल अधिकारी आग लगने के सटीक कारणों की जांच में जुटे हैं।

## ममता ने पहलगांव हमले में मारे गए बितान के माता-पिता को भेजा प्रसाद

**कोलकाता, समाज्ञा :** हर साल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के घर पर काली पूजा बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होते हैं। कल, सोमवार भी कुछ अलग नहीं था। ममता बनर्जी ने पूजा की। इस बीच, ममता बनर्जी ने कुछ समय निकाला और पहलगांव की घटना में मारे गए बितान अधिकारी के माता-पिता को प्रसाद भेजा। ममता सोमवार और मंगलवार को भी घर की पूजा में व्यस्त रहीं। वह दधिकर्म कार्यक्रम में व्यस्त थीं। सोमवार को पूजा कार्यक्रम की देखरेख की तरह, वह मंगलवार की दोपहर मेहमानों के सत्कार में भी व्यस्त थीं। अरूप विश्वास, इंद्रनील सेन, सुजीत बसु, जून मालिया और रचना बनर्जी जैसे मंत्री और सांसद मौजूद थे। फिर, शाम को अभिषेक बनर्जी पारिवारिक समारोह में शामिल हुए।

## हावड़ा मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर से मारपीट व दुष्कर्म की धमकी, होमगार्ड समेत दो गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के उलूबेड़िया शरतचंद्र चट्टोपाध्याय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में सोमवार की शाम एक महिला जूनियर डॉक्टर से बदसलूकी और मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि एक ट्रैफिक होमगार्ड ने अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर डॉक्टर को थप्पड़ मारा और जान से मारने तथा दुष्कर्म की धमकी दी। पुलिस ने इस घटना में शामिल ट्रैफिक होमगार्ड समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपित का नाम शेख बाबुलाल है, जो उलूबेड़िया ट्रैफिक गार्ड में होमगार्ड के पद पर कार्यरत है। सोमवार की शाम वह अपने एक रिश्तेदार को लेकर अस्पताल के प्रसूति विभाग में गया था। बताया जा रहा है कि उसके



साथ 10 से 12 लोग और भी थे। उस समय ड्यूटी पर एक महिला जूनियर डॉक्टर मौजूद थीं। आरोप है कि जांच के बाद डॉक्टर कुछ देर के लिए रेस्ट रूम में चली गईं, तभी बाबुलाल और उसके साथियों ने वहां पहुंचकर उनके साथ बदसलूकी शुरू कर दी। डॉक्टर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि हमलावरों में से एक ने उनका हाथ मरोड़ा, जबकि दूसरे ने उनकी गर्दन पर थप्पड़ मारा। इतना ही नहीं, हमलावरों ने उन्हें दुष्कर्म और हत्या की धमकी भी दी। मौके पर मौजूद नर्सों और आया स्टाफ ने किसी तरह डॉक्टर को बचाया। प्राथमिक जांच में पता चला है कि बाबुलाल और उसके साथी इसलिए नाराज थे क्योंकि उन्हें लगा कि प्रसूति विभाग में उनकी रिश्तेदार को डॉक्टरों ने पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। इसी बात पर विवाद शुरू हुआ जो हिंसा में बदल गया। महिला डॉक्टर ने सोमवार की रात उलूबेड़िया थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने आरोपित ट्रैफिक होमगार्ड और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है। पूरे मामले की जांच चल रही है।

# आभूषण की दुकान में डकैती की साजिश नाकाम, पांच गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के चंडीतला थाने की पुलिस ने रविवार की शाम एक आभूषण की दुकान में डकैती की साजिश को नाकाम करते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से दो देशी पिस्तौल, छह राउंड कारतूस, दो भुजाली, एक चाकू, एक शर्टर और ताला तोड़ने के उपकरण बरामद किए। हुगली ग्रामीण पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृषानु राय ने बताया कि धनतेरस और दीपावली को ध्यान में रखते हुए जिले के विभिन्न इलाकों में नाका चेकिंग चल रही थी। रविवार की शाम मशाट इलाके में पुलिस को कुछ संदिग्ध लोग घूमते दिखे। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश



की, तो कुछ लोग कार लेकर भाग निकले, लेकिन पांच लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपितों का मकसद मशाट इलाके की एक आभूषण की दुकान में डकैती करना था। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सूरज मंडल, कुतुब मंडल, राजा उद्दीन, आलोक समाद्दार और आशीष साहा के रूप में हुई है। इनमें दो आरोपित हुगली जिले के, एक दक्षिण 24 परगना और बाकी दो उत्तर 24 परगना के रहने वाले हैं। चंडीतला थाने ने स्वतः संज्ञान लेकर मामला दर्ज किया है। पुलिस सोमवार को आरोपियों को श्रीरामपुर अदालत में पेश कर हिफ़ाज़त में लेने की अर्जी दी। साथ ही, उन फरार साथियों की तलाश जारी है जो पुलिस को देखकर भाग निकले थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृषानु राय ने कहा कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि अपराधियों का लक्ष्य मशाट में आभूषण की दुकान को लूटना था। वे हावड़ा की दिशा से आए थे। अब यह पता लगाया जा रहा है कि इनके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# मालदह में अपहरण की कोशिश नाकाम, पुलिस ने बिहार से युवक को किया बरामद

**मालदह :** ज़िले की रतुआ थाने की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को बिहार से सकुशल बरामद किया, जिसे कथित रूप से अपहरण कर लिया गया था। घटना रविवार की है जब रतुआ थाना को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि एक व्यक्ति को एक वाहन में जबरन बैठाकर दुर्गापुर के रास्ते नकटी होते हुए बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही नकटी पुल पर पुलिस ने नाका चेकिंग शुरू की और एक संदिग्ध वाहन को रोक लिया। जांच में पता चला कि अपहृत व्यक्ति का नाम बिष्णु मंडल (25) है, जो भूपति मंडल का पुत्र है और उत्तर बालुपुर बंधुटोला गांव का निवासी है। आरोपित व्यक्ति का



नाम हसन (34) है और वह रतुआ थाना इलाके का निवास है। दोनों आपस में दोस्त थे और एक साथ कारोबार करते थे। पुलिस के अनुसार, गत 19 अक्टूबर को हसन ने अपने दोस्त बिष्णु मंडल को अपनी स्कूटी से बिहार के कटिहार ज़िले के अमदाबाद थाना अंतर्गत बागलागढ़ भेजा था। लेकिन वहां पहुंचने पर बिष्णु को उन लोगों ने बंधक बना लिया, जिनके पास उसे हसन ने भेजा था। बिहार के उन व्यक्तियों का दावा था कि हसन से उन्हें पैसे मिलने हैं, और जब तक भुगतान नहीं होता, वे बिष्णु को नहीं छोड़ेंगे। रतुआ थाना की पुलिस टीम ने मोबाइल टॉवर लोकेशन के आधार पर तुरंत कार्रवाई की और बिहार पुलिस की मदद से पहले बिष्णु मंडल को बागलागढ़ से खोजा। बाद में उसे रोशन थाना इलाके के लावा गांव स्थानीय पुलिस की सहायता से उसे सकुशल बरामद कर लिया गया और रतुआ लाया गया। घटना को लेकर पीड़ित के बड़े भाई की शिकायत पर रतुआ थाने में एक विशेष मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी हुई है।

## नहीं रहे विशिष्ट भजन प्रवाहक प्रवीण बेदी

**हावड़ा :** लगभग 50 वर्षों से भजनों की दुनियां को अपने सुरीले कंठ से धन्य करने वाले विशिष्ट भजन प्रवाहक श्री प्रवीण बेदी का 71 वर्ष की आयु में आज सुबह हावड़ा के सलकिया स्कूल रोड (नया मंदिर के निकट) स्थित आकाश गंगा अपार्टमेंट में अपने निवास पर देहावसान हो गया। युवा अवस्था से ही भजनों की दुनिया में कदम रखने वाले प्रवीण जी ने भजनों के बड़े बड़े आयोजनों में अपनी सुरीली और ओजस्वी आवाज से भजन प्रवाहकों की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई। विशेषकर माता रानी के जगरातों में तो एक समय वो सर्वाधिक लोकप्रिय गायकों में शुमार हो गए। एक ही भजन को कई विधाओं में प्रस्तुत कर अपनी विशेष पहचान बनाने वाले प्रवीण बेदी ने कई वर्ष पहले अस्वस्थता के कारण



सार्वजनिक कार्यक्रमों में अपनी भागेदारी सीमित कर ली लेकिन उन्होंने गायन जारी रखा। आज उनके देहावसान की खबर से आध्यात्म जगत विशेषकर भजनों की दुनिया व उनके अनगिनत प्रशंसकों में शोक छा गया। उनका अंतिम संस्कार आज शाम बांधाघाट मोक्षधाम में हुआ। वे अपने पीछे धर्मपत्नी, अनुज, तीन पुत्र-पुत्रवधुओं, पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके प्रयाण पर लोकप्रिय भजन रचयिता रविन्द्र केजरीवाल 'रवि' ने उन्हें सरस्वती पुत्र बताते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है। श्री सालासर बालाजी सेवक वृन्द, बांधाघाट के संस्थापक मोतीलाल भुवालका ने श्री प्रवीण बेदी को सेवक वृन्द परिवार का परम स्नेही-शुभचिंतक बताते हुए कहा कि पूरे आध्यात्म जगत को उनकी कमी सदा खलेगी।

# चंदननगर में गंगा नदी में कूदी सेल्स गर्ल, तलाश जारी

### कार्यस्थल पर उत्पीड़न और मानसिक दबाव का आरोप, दो गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के चंदननगर की बउबाजार बटतला निवासी युवती मानाली घोष (25) ने कथित रूप से कार्यस्थल पर उत्पीड़न और मानसिक दबाव के चलते गंगा में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है। मंगलवार की दोपहर तक मानाली का कोई सुराग नहीं मिला था। गोताखोरों की मदद से युवती को तलाशा जा रहा था। सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की सुबह युवती ने एक पत्र और मोबाइल फोन नदी किनारे छोड़कर गंगा में छलांग लगाई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मानाली ने चंदननगर जोसेफ स्कूल के सामने गंगा में कूदी। पुलिस को नदी किनारे उसका मोबाइल और पत्र मिला। जांच में यह पता चला है कि आत्महत्या के प्रयास के पीछे कार्यस्थल पर उत्पीड़न की शिकायत है।

परिवार के अनुसार, मानाली की शादी तीन साल पहले रजिस्टर कर दी गई थी, और आगामी तीन फरवरी को औपचारिक विवाह होना था। दूल्हे का नाम सत्यजीत राय है, जो बटतला के शीतलातला क्षेत्र के निवासी हैं। परिवार शादी की तैयारियों में था, इसी बीच युवती ने गंगा में कूदने का प्रयास किया। पिता ने आरोप लगाया कि बेटी को कार्यस्थल पर अपमानित किया गया। जानकारी मिली है कि पिछले तीन वर्षों से मानाली चंदननगर बागबाजार में एक ज्वैलरी की दुकान में 'सेल्स गर्ल' के रूप में काम कर रही थीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्हें दुकान के बाहर बैठकर रोते हुए देखा गया था। मंगलवार की सुबह उसने अपने घर में बताया कि दुकान मालिक ने उससे जबरन उसका इस्तीफा लिखवा लिया है। घटना के बाद दुकान के मालिक दंपती संजय और ममता दास को हिरासत में लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अन्य कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है।

## हावड़ा में काली पूजा की रात युवक की रहस्यमयी मौत, हत्या की आशंका से इलाके में सनसनी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बेलूर में काली पूजा की रात एक युवक की संदिग्ध मौत से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान शुभंकर बड़ुआ(30) के रूप में हुई है। पुलिस ने असामान्य मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि शुभंकर को किसी ने घर से बुलाकर बाहर ले गया और उसकी हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात शुभंकर घर लौटे थे। थोड़ी देर बाद उनके मोबाइल पर एक फोन आया, जिसके बाद वे तुरंत घर से निकल गए। रातभर वे वापस नहीं लौटे। मंगलवार तड़के उनका शव घर से कुछ ही दूरी पर बरामद किया गया। शव के गले पर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस ने शव को टीएल जायसवाल अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने बताया कि धक्का-मुक्की के दौरान शुभंकर को गंभीर चोटें आईं, जो उनकी मौत का कारण बन सकती हैं। परिवार ने हत्या की आशंका जताई है, हालांकि किसी विशेष व्यक्ति के खिलाफ अभी तक औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

हावड़ा सिटी पुलिस के एसीपी नॉर्थ (2) आनंदजीत होड़ ने कहा, फिलहाल असामान्य मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा। उन्होंने यह भी बताया कि मृतक एक नौकरीपेशा व्यक्ति था और एक सभ्य परिवार से ताल्लुक रखता था। पुलिस घटना की हर पहलू से जांच कर रही है।

# कूचबिहार में पटाखा फोड़ने को लेकर बवाल, पुलिस अधीक्षक पर मारपीट का आरोप

**कूचबिहार :** काली पूजा की रात कूचबिहार में पटाखा फोड़ने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि कूचबिहार के पुलिस अधीक्षक द्युतिमान भट्टाचार्य ने अपने पड़ोसियों के घर जाकर महिलाओं और नाबालिगों के साथ मारपीट की। हालांकि, अधिकारी ने इन आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताया है और कहा है कि उन्होंने किसी के साथ हाथापाई नहीं की। यह घटना सोमवार की देर रात की है, जब कूचबिहार शहर के वार्ड नंबर नौ स्थित पुलिस अधीक्षक के बंगले के पास कुछ बच्चे पटाखे फोड़ रहे थे। उसी इलाके में अधिवक्ता मल्लिका कार्जी और उनके पति पार्थ राय रहते हैं,



जो पेशे से एक स्कूल शिक्षक हैं। मल्लिका कार्जी का आरोप है कि बिना किसी चेतावनी के पुलिस अधीक्षक द्युतिमान भट्टाचार्य कुछ पुलिसकर्मियों के साथ उनके घर के सामने पहुंचे और वहां मौजूद बच्चों और महिलाओं को पीटना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें दिक्कत थी तो वे पहले चेतावनी दे सकते थे। क्या किसी महिला पर हाथ उठाना सही है? उन्होंने महिला पुलिस को क्यों नहीं बुलाया? मल्लिका ने यह भी कहा कि वह इस घटना के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख करेंगी और न्याय की मांग के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी पत्र लिखेंगी।

❑ **पुलिस अधीक्षक का पक्ष**

पुलिस अधीक्षक द्युतिमान भट्टाचार्य ने सभी आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि काली पूजा की शाम से ही मेरे बंगले के पास पटाखे फोड़े जा रहे थे। मेरे गार्ड ने कई बार उन्हें मना किया, लेकिन वे नहीं माने। रात करीब एक बजे तक शोरगुल जारी रहा। मेरे पालतू कुत्ते तक डर के मारे चिल्लाने लगे। मैंने किसी को नहीं पीटा। द्युतिमान ने आगे कहा कि वे यह भी दिखा सकते हैं कि उनके परिसर में तक पटाखे फोड़े गए थे। उन्होंने दोहराया कि किसी के साथ कोई मारपीट नहीं हुई।

❑ **दोनों पक्षों के पास सीसीटीवी फुटेज**

दिलचस्प बात यह है कि दोनों पक्षों का दावा है कि उनके पास घटना का सीसीटीवी फुटेज मौजूद है, जिससे सच सामने आ सकता है। हालांकि, अभी तक किसी ने भी थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस और प्रशासन ने इस साल पटाखा फोड़ने का समय रात 10 बजे तक सीमित किया था ताकि प्रदूषण और शोर से लोगों को परेशानी न हो।

## दिल से दिवाली 5.0 - शाइनिंग अर्थ फाउंडेशन ने किया आयोजित



**कोलकाता :** शाइनिंग अर्थ फाउंडेशन ने लगातार पाँचवें वर्ष मनाया अपना विशेष आयोजन 'दिल से दिवाली', जो जरूरतमंद बच्चों के बीच खुशियाँ और शिक्षा की रोशनी बाँटने की एक पहल है। कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली निर्माण और दीया प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद बच्चों को स्कूल बैग, कॉपियाँ, पेंसिल, रबर, शार्पनर, पेन, कलर, स्केल, मिठाई के डिब्बे और स्नैक्स उपहार में दिए गए। इसके बाद बच्चों ने नृत्य, जुम्बा सेशन, और गायन प्रस्तुतियों से माहौल को उत्सवमय बना दिया। संस्थापक एवं निदेशक सौरव साकटेल, अध्यक्ष खुशी शॉ, उपाध्यक्ष ईशा शॉ, मुख्य अतिथि संदीप पांकीरा (आईसी, हावड़ा थाना) ने अपना वक्तव्य रखा।

# कोलकाता मेट्रो में चल रहा है स्पेशल कैंपेन 5.0, स्वच्छता पर विशेष जोर

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे ने अपने चल रहे स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत मंगलवार को विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान यात्रियों से भी मेट्रो परिसर की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग देने की अपील की गई।

इस अभियान के तहत मेट्रो प्रशासन द्वारा स्टेशनों, कार्यालयों, ट्रैकों और रेलवे कॉलोनियों में व्यापक सफाई कार्य किए जा रहे हैं। कचरा हटाने, अनावश्यक झाड़-झंकार साफ करने और नालियों की सफाई जैसे कार्य इस पहल का हिस्सा हैं। मेट्रो अधिकारियों का कहना है कि स्वच्छता और कार्यस्थल की दक्षता बढ़ाना इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

यात्रियों को भी मेट्रो परिसर को



स्वच्छ और कचरा मुक्त रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से नियमित घोषणाओं में यात्रियों से थूकने या कचरा फैलाने से बचने की अपील की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहचान सीसीटीवी कैमरों के जरिए की जा सकती है और उन पर 500 का जुर्माना लगाया जाएगा।

मेट्रो प्रशासन ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे स्टेशनों पर लगे डस्टबिन का उपयोग करें और कोलकाता मेट्रो को स्वच्छ, सुरक्षित और यात्री अनुकूल बनाने में अपना योगदान दें।

## काली पूजा की रात घाटाल में हादसों की भरमार, 20 घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** काली पूजा की रात पश्चिम मेदिनीपुर जिले के घाटाल उपमहकमा में एक के बाद एक सड़क हादसे हुए, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। रात भर हुई दुर्घटनाओं में करीब 20 लोग घायल हुए हैं। इनमें से ज्यादातर युवक नशे की हालत में थे। सूत्रों के अनुसार, सोमवार ज्ञी देर रात से लेकर मंगलवार तड़के तक घाटाल, दासपुर और चंद्रकोणा थाना क्षेत्रों में कई जगहों पर बाइक और चारपहिया वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर मिली। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से पुलिस और अस्पताल प्रशासन दोनों ही परेशान रहे। घाटाल अस्पताल में देर रात तक एक के बाद एक घायल युवकों को लाया




जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अधिकांश युवक मादक पदार्थों के सेवन के बाद तेज गति से वाहन चला रहे थे, जिसके कारण दुर्घटनाएं हुईं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, करीब 20 घायलों में से 8 लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें अन्य अस्पतालों में रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि सभी मामलों की जांच की जा रही है और त्योहारी रात में नशे में गाड़ी चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा ने शुरू की राज्य में चुनाव की तैयारी, 250 पुरुष व 250 महिला विस्तारकों की होगी तैनाती

❑ **24 अक्टूबर को पुरुष और 26 अक्टूबर को महिलाओं की ट्रेनिंग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में विधानसभा चुनाव की भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव को ध्यान में रखकर 250 विस्तारकों की बहाली की गई है। 250 विस्तारकों को प्रदेश के 250 विधानसभा सीटों पर तैनात किया जाएगा। इन विस्तारकों की ट्रेनिंग 24/26 अक्टूबर को कोलकाता में होगी। राज्य में 250 महिला विस्तारक बहाल किया जाएगा, अब तक 250 पुरुष विस्तारकों को बहाल किया गया है। पार्टी के विस्तारकों की नियुक्ति के लिए स्क्रूटनी प्रक्रिया में बहुत ही सावधानी बरती गई है। इसमें पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं से आवेदन फॉर्म मंगवाए गए हैं, लेकिन नियुक्ति योग्यता के आधार पर की जाएगी। इसके लिए टेस्ट ऑर्गेनाइज किया गया है और उसमें पास होने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं को ही विस्तारक बनाया गया है। विस्तारकों की नियुक्ति में खास तौर पर ये ध्यान रखा गया है कि विस्तारक उस विधानसभा क्षेत्र का ना हो जिस विधानसभा में उसको विस्तारक नियुक्त किया गया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, भाजपा पश्चिम बंगाल में अब 250 महिला विस्तारकों की नियुक्ति करने जा रही है। इन महिला विस्तारकों को भी पार्टी हरेक विधानसभा में काम पर लगाएगी। चुनाव की दृष्टि से भाजपा संगठन में विधानसभा विस्तारकों को पहले भी बहाल करती रही है, लेकिन इतने बड़े स्तर पर महिला विस्तारकों की बहाली पहली बार की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, 26 अक्टूबर को पुरुष विस्तारकों की ट्रेनिंग खत्म होने के बाद तुरंत महिला विस्तारक बहाल करने की प्रक्रिया आरम्भ कर दी जाएगी। पश्चिम बंगाल के 294 विधानसभा क्षेत्रों में से भाजपा 250 विधानसभा विस्तारकों को बहाल करेगी। पार्टी अपनी अधिकतम ताकत बंगाल के इन 250 सीटों पर करने की राजनीति से काम करेगी। ये विस्तारक पार्टी की आंख, नाक और कान की तरह हरेक विधानसभा क्षेत्रों में अगले 6 महीने यानी अप्रैल 2026 में विधानसभा चुनाव संपन्न होने तक काम करेंगे। इसके लिए प्रदेश स्तर पर कोलकाता और केंद्रीय स्तर पर दिल्ली में पदाधिकारियों की एक डेडिकेटेड टीम लगाई जा रही है, जो दिन रात इन विस्तारकों के संपर्क में रहेंगे और डेली रिपोर्ट और जमीनी सच्चाई से दिल्ली को रूबरू करवाते रहेंगे।

## बलिया में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**बलिया (उप्र):** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में 22 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार रात फेफना–रसड़ा मार्ग पर रामनगर गांव के निकट हुई जिसमें मोहम्मद शाबीर नामक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि इरफान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को रसड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मोहम्मद शाबीर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि इरफान को वाराणसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के समय दोनों युवक एक विवाह समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे।

## बिहार चुनाव : राज्य में 71 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और शराब जब्त

**नयी दिल्ली:** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को बताया कि विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद से कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने बिहार में 71 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नकदी, मादक पदार्थ, शराब और अन्य सामग्रियां जब्त की हैं। बिहार में 2016 से शराबबंदी है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि 21 अक्टूबर तक विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विभिन्न एजेंसियों की समन्वित कार्रवाई के माध्यम से 71.32 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नकदी, शराब, मादक पदार्थ, आभूषण और अन्य सामग्री जब्त की गई हैं। निर्वाचन आयोग ने छह अक्टूबर को घोषणा की थी कि राज्य में दो चरणों में छह नवंबर और 11 नवंबर को चुनाव होंगे तथा मतगणना 14 नवंबर को होगी। निर्वाचन आयोग ने कहा कि शिकायतों पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए बिहार भर में 824 उड़न दस्ते तैनात किए गए हैं।

## जयपुर में दिवाली की रात 100 से अधिक लोग झुलसे

**जयपुर:** राजस्थान की राजधानी जयपुर में दिवाली के दिन झुलसने के कारण 100 से अधिक लोगों को अस्पताल लाया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राजकीय एसएमएस अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि अस्प–ताल के आपातकालीन वार्ड में पटाखों से जलने के 99 मामले आए जिनमें से 20 लोगों को भर्ती किया गया। अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में मंगलवार सुबह तक सामान्य चोटों के कुछ मामले दर्ज किए गए। इस बीच, शहर में आग लगने की लगभग एक दर्जन घटनाएं सामने आईं। चौगान स्टेडियम के पास एक दुकान में आग लगने की घटना को छोड़कर सभी घटनाएं मामूली थीं। दिवाली की रात दो कार में आग लग गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि त्योहार के दौरान कोई बड़ी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने एवं गुंडागर्दी रोकने के लिए देर रात तक वाहनों की जांच की।

## गौड़ाबौराम सीट पर महागठबंधन में उलझन, वीआईपी अध्यक्ष जाएंगे उच्च न्यायालय

**पटना:** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के अध्यक्ष संतोष सहनी ने मंगलवार को कहा कि वह दरभंगा जिले की गौड़ाबौराम विधानसभा सीट के चुनाव अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पटना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार अफजल अली खान की उम्मीदवारी पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद के लिखित अनुरोध के बावजूद रद्द नहीं की गई। राजद ने प्रारंभ में गौड़ाबौराम सीट से अफजल अली खान को पार्टी का चुनाव चिह्न दिया था, लेकिन बाद में यह सीट गठबंधन सहयोगी वीआईपी के लिए छोड़ दी गई। इसके बाद वीआईपी ने पार्टी संस्थापक मुकेश सहनी के छोटे भाई संतोष साहनी को उम्मीदवार बनाया। हालांकि, अफजल अली खान ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया, जिससे स्थिति जटिल हो गई। लालू प्रसाद ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को पत्र लिखकर खान की उम्मीदवारी को अमान्य मानने का आग्रह किया था, लेकिन चुनाव अधिकारियों ने इसे स्वीकार नहीं किया।

# शिक्षा और रोजगार को प्राथमिकता देने वाली सरकार चाहते हैं बिहार के युवा मतदाता



**पटना:** बिहार विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दल भले ही कई मुद्दों को लेकर आरोप–प्रत्यारोप में व्यस्त हैं, लेकिन राज्य के युवाओं के लिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा रोज–गार सृजन सबसे अहम मुद्दे हैं। युवाओं का कहना है कि वे ऐसी सरकार चाहते हैं जो शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करे और रोजगार के अवसर पैदा करे। इनमें से कई युवा पहली बार मतदान करने जा रहे हैं और राज्य में बेरोजगारी तथा पलायन की स्थिति को लेकर चिंतित हैं। राज्य में 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होना है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार करीब 14 लाख युवा पहली बार वोट डालेंगे। 18 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 1.63 करोड़ है, जो कुल मतदाताओं का लगभग 22 से 25 प्रतिशत हिस्सा है। पटना विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के स्नातकोत्तर छात्र अभिनव कुमार शुक्ला ने कहा, वर्तमान सरकार से हमारी उम्मीदें अब खत्म हो चुकी हैं। वह राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा(एसटीईटी) परीक्षा की तैयारी करते हैं। उनका कहना था कि राज्य में व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन की जरूरत है। जमुई जिले के रहने वाले और दृष्टिबाधित छात्र संतोष कुमार ने कहा, पटना विश्वविद्यालय का वर्तमान, उसके गौरवशाली अतीत से मेल नहीं खाता। इसके पूर्व छात्र देश–विदेश में नाम कमा चुके हैं, लेकिन आज इसकी स्थिति बेहद खराब है।उन्होंने कहा कि पटना विश्वविद्यालय का 'ऑक्सफोर्ड ऑफ द ईस्ट' वाला गौरव अब केवल नाम भर रह गया है। ऐसी एक छात्र किशोर कुमार सिंह हैं जो लखनऊ स्थित शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के छात्र हैं और फिलहाल पटना विश्वविद्यालय के दृष्टिबाधित छात्रावास में रह रहे हैं। उनका कहना है, विकलांग व्यक्ति अधिकार अधिनियम, 2016 का बिहार में ठीक से क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। मैं ऐसी पार्टी को वोट दूंगा जो शिक्षा को प्राथमिकता दे और इस अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करे। उन्होंने कहा कि बिहार के विश्वविद्यालयों में दृष्टिबाधित छात्रों के लिए ऑडियो लैब जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। कई छात्रों ने प्रशांत किशोर के इस दावे को सराहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो बिहार के युवाओं को रोज़गार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।' विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग की प्रथम वर्ष की छात्रा महजबीन फिरदौस पहली बार मतदान करेंगी। उनका कहना है कि जनसुराज उन्हें उम्मीद की किरण लगती है, हालांकि उन्होंने कहा कि मतदान से पहले वह परिवार से सलाह लेंगी। मनोविज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर छात्र गौरव कुमार ने कहा, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र की हालत खराब है, भ्रष्टाचार चरम पर है, और पलायन बिहार की सबसे बड़ी समस्या बन गया है।उन्होंने कहा, हमारे क्षेत्र जहानाबाद ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) शासन में सबसे ज्यादा नुकसान झेला था, हम नहीं चाहते कि वह दौर दोबारा लौटे।प्रशांत किशोर पर उन्होंने कहा, कम से कम वे मुद्दों पर बात कर रहे हैं और व्यावहारिक वादे कर रहे हैं, उनके उम्मीदवार भी साफ–सुथरे हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि किशोर की पार्टी की जीत की संभावना कम है। भूगोल विभाग के छात्र ध्रुव कुमार ने कहा, मैं इस कॉलेज में बड़ी उम्मीदों के साथ आया था, लेकिन शिक्षण पद्धति पुरानी और अप्रभावी है। शिक्षा प्रणाली में शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक लापरवाही झलकती है।

## संभल में तनाव: आतिशबाजी को लेकर दो समुदायों के बच्चों के बाद बड़े भिड़े

**संभल :** सोमवार की रात आठ बजे करीब गांव अहमदनगर थरैसा में दिवाली पर आतिशबाजी छोड़ने को लेकर दो समुदाय के बीच हुए झगड़े में बड़े कूद गए। मारपीट के साथ पथराव हुआ। इसमें बच्चों व महिलाओं समेत करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। घायलों का उपचार कराया गया है। मामला दो समुदाय के बीच का होने पर गांव में पुलिस व आरआरएफ के जवान तैनात कर दिए गए हैं। वहीं कुछ लोग समझौते के प्रयास में जुट गए हैं। गांव अहमदनगर थरैसा निवासी धर्मपाल जाटव के घर बदायूं के इस्लामनगर क्षेत्र के महरोला गांव निवासी 12 वर्षीय धेवता तनिष्क आया हुआ था। जोकि दिवाली पर आतिशबाजी छोड़ रहा था। तभी दूसरे समुदाय का एक बच्चा सादिक भी आतिशबाजी देखने पहुंच गया। जहां किसी बात को लेकर दोनों बच्चों में झगड़ा हो गया। इसके बाद उनके परिजन आपस में बच्चों के विवाद को लेकर झगड़े पर आमादा हो गए। देखते ही देखते दोनों ओर से पथराव होना शुरू हो गया।

## न्यूज अपडेट

### झारखंड : दिवाली पर रांची के 'शांत क्षेत्र' में शोर के स्तर में 56 प्रतिशत की वृद्धि

**रांची:** झारखंड की राजधानी रांची के निर्दिष्ट 'शांत क्षेत्र' – पुराने उच्च न्यायालय में दिवाली पर शोर का स्तर 78 डेसिबल के स्तर को छू गया, जो लगभग 56 प्रतिशत की वृद्धि है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जेएसपीसीबी) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार डोरंडा इलाके में पुराने उच्च न्यायालय क्षेत्र में सोमवार को सुबह छह बजे से रात 10 बजे के बीच औसत ध्वनि स्तर 78 डेसिबल दर्ज किया गया। जेएसपीसीबी ने बताया कि सोमवार रात 10 बजे से मंगलवार सुबह छह बजे तक यह 72 डेसिबल पर बना रहा। अधिकारी ने बताया कि शांत क्षेत्रों के लिए स्वीकार्य सीमा दिन के समय (सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक) 50 डेसिबल और रात के समय (रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक) 40 डेसिबल है। जेएसपीसीबी चार स्थानों पर ध्वनि के स्तर को मापता है – पुराना उच्च न्यायालय (शांति क्षेत्र), अल्बर्ट एक्का चौक (वाणिज्यिक क्षेत्र), अशोक नगर (आवासीय क्षेत्र) और तुपुदाना (औद्योगिक क्षेत्र)।दिवाली के दिन अल्बर्ट एक्का चौक पर ध्वनि का स्तर औसत स्वीकार्य सीमा से 16.92 प्रतिशत बढ़ गया। आंकड़ों के अनुसार इस इलाके में दिन में 76 डेसिबल और रात में 69 डेसिबल ध्वनि दर्ज की गई।इसके विपरीत, तुपुदाना में दिन के दौरान ध्वनि का स्तर 65 डेसिबल और रात में 51 डेसिबल दर्ज किया गया, जो क्रमशः 75 डेसिबल और 70 डेसिबल की औसत स्वीकार्य सीमा से कम है।जेएसपीसीबी ने इस दिवाली पटाखे फोड़ने के लिए रात आठ बजे से 10 बजे तक दो घंटे का समय दिया था, जबकि झारखंड में 125 डेसिबल से अधिक शोर करने वाले पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

### घाटशिला उपचुनाव के लिए जेएलकेएम के रामदास मुर्मू समेत 10 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**जमशेदपुर:** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के उम्मीदवार रामदास मुर्मू सहित 10 उम्मीदवारों ने घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के निवर्तमान विधायक एवं राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के 15 अगस्त को निधन के बाद घाटशिला विधानसभा सीट खाली हो गई थी। झामुमो ने इस सीट से दिवंगत रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन को मैदान में उतारा है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को उपचुनाव के लिए फिर से उम्मीदवार बनाया है। बाबूलाल सोरेन 2024 के विधानसभा चुनावों में रामदास सोरेन से हार गए थे जबकि जेएलकेएम के रामदास मुर्मू तीसरे स्थान पर रहे थे। मुर्मू के अलावा मंगलवार को घाटशिला (अनुसूचित जनजाति) सीट के लिए नामांकन दाखिल करने वालों में बसंत कुमार टोपनो, मनोज कुमार सिंह, विक्रम किस्कू, रामकृष्ण कांति महाली, मालती टुडू, विकास हेम्ब्रम (सभी निर्दलीय), आपकी विकास पार्टी के दुखी राम मार्डी, भारत आदिवासी पार्टी के पंचानन सोरेन और राष्ट्रीय सनातन पार्टी के मंगल मुर्मू शामिल हैं। इस उपचुनाव के लिए 13 अक्टूबर को राजपत्र अधिसूचना जारी होने के बाद से अब तक कुल 17 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। नामांकन पत्रों की जांच बुधवार को होगी और नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर है। इस सीट के लिए मतदान 11 नवंबर को होगा तथा मतगणना 14 नवंबर को होगी।

### नीतीश कुमार ही राजग के मुख्यमंत्री पद का चेहरा, उनके नेतृत्व में ही बनेगी सरकार : उपेंद्र कुशवाहा

**पटना :** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने मंगलवार को स्पष्ट कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रहा है और सरकार भी उन्हीं के नेतृत्व में बनेगी। कुशवाहा ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा, राजग के मुख्यमंत्री का चेहरा नीतीश कुमार ही हैं। गठबंधन के सभी घटक दल उनके नेतृत्व और अनुभव पर पूरा भरोसा रखते हैं। इस चुनाव में राजग स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाएगा और नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही शपथ ग्रहण होगा। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री पद को लेकर तरह–तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। रालोमो प्रमुख कुशवाहा ने इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि राजग के भीतर नेतृत्व को लेकर कोई मतभेद नहीं है और पूरा गठबंधन एकजुट है।

## भाजपा के 'दबाव' में जन सुराज के तीन उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिए : प्रशांत किशोर



**पटना:** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने मंगलवार को आरोप लगाया कि बिहार विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के तीन उम्मीदवारों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'दबाव' में अपने नामांकन वापस ले लिए। पटना के शेखपुरा हाउस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में किशोर ने यह दावा भी किया कि सत्ता पक्ष राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) चुनाव हारने के डर से विपक्षी उम्मीदवारों को मैदान से हटने के लिए धमका रहा है। उन्होंने कहा, जनसुराज को वोटकटवा बताने वाली भाजपा को असल में डर लग रहा है। भाजपा को महागठबंधन से नहीं, बल्कि जनसुराज से डर लग रहा है। इसका उदाहरण यह है कि पिछले चार दिनों में हमारे तीन घोषित उम्मीदवारों को नामांकन करने नहीं दिया गया। किशोर का कहना था, 'लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। देश में इस तरह की कोई मिसाल नहीं रही है।' उन्होंने निर्वाचन आयोग से उम्मीदवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। किशोर ने बताया कि जिन उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया है, वे दानापुर, ब्रह्मपुर और गोपालगंज सीटों से मैदान में थे।

## लालू पर नीतीश ने साधा निशाना, कहा- सत्ता में रहते महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया



**मुजफ्फरपुर (बिहार):** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद पर तीखा हमला बोला और कहा कि उन्होंने सत्ता में रहते 'महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया' तथा चारा घोटाले में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद पद छोड़ने की नौबत आई तो अपनी पत्नी राबड़ी देवी को ही मुख्यमंत्री बना दिया। जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष कुमार ने मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की पहली चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद अध्यक्ष को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि राजद के साथ दो बार हुए गठबंधन के अनुभव से वह 'निराश'' हो गए और अब राजग के साथ स्थायी रूप से बने रहने का संकल्प लिया है। महिला सशक्तीकरण को लेकर अपनी सरकार की पहल का उल्लेख करते हुए कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने बड़े पैमाने पर स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) बनाए हैं और हाल ही में शुरू की गई 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के तहत एक करोड़ से अधिक लाभार्थियों के खातों में प्रत्येक को 10,000 रुपए की राशि भेजी गई है। उन्होंने लालू प्रसाद का नाम लिए बगैर कहा, 'जो लोग पहले सत्ता में थे, क्या उन्होंने महिलाओं के लिए कुछ किया? उन्हें इसकी कोई परवाह नहीं थी। जब सात साल मुख्यमंत्री रहने के बाद इस्तीफा देना अनिवार्य हो गया, तो पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया।'' लालू प्रसाद 1990 से 1997 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे थे। उनके इस्तीफे के बाद उनकी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। उस समय यह कदम काफी विवादास्पद रहा था। कुमार ने याद दिलाया कि उन्होंने 2005 में भाजपा के साथ मिलकर राजद को सत्ता से बाहर किया था। उन्होंने कहा कि राजद के साथ 2015 और 2022 में हुए दोनों गठबंधन दो वर्ष से भी कम चले।

## तेजस्वी ने महिला उम्मीदवार को माला पहनाने की घटना के बाद नीतीश के 'स्वास्थ्य' पर उठाए सवाल

**पटना/मुजफ्फरपुर:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को एक चुनावी सभा के दौरान महिला उम्मीदवार को माला पहनाने पर जोर देकर और रोकने की कोशिश करने वाले अपने करीबी सहयोगी को डांटकर अपने स्वास्थ्य को लेकर नई अटकलों को जन्म दे दिया। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमार ने अपने विधानसभा चुनाव अभियान की शुरुआत मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर विधानसभा क्षेत्र से की। इस दौरान वह स्थानीय जद(यू) प्रत्याशी अजय कुशवाहा का नाम गलत उच्चारित करने और औराई सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार रमा निषाद के नाम के आगे 'श्री' जोड़ देने पर भी चर्चा में रहे। मुख्यमंत्री (75) ने अपने संबोधन में कहा कि यदि जनता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को जिताने का वादा करती है, तो वे इसे सुनिश्चित जीत का प्रतीक मानकर उम्मीदवारों को माला पहनाना चाहेंगे। सभा के दौरान जैसे ही कुमार माला लेकर भाजपा उम्मीदवार रमा निषाद की ओर बढ़े, निषाद असहज दिखीं। हिंदू परंपरा में सामान्य तौर पर किसी महिला को पति के अलावा अन्य किसी पुरुष द्वारा माला पहनाने का चलन नहीं है। राजनीतिक कार्यक्रमों में पुरुषों को माला पहनाने और महिलाओं को हाथ में माला सौंपने की परंपरा रही है। उल्लेखनीय है कि रमा निषाद, मुजफ्फरपुर के पूर्व सांसद अजय निषाद की पत्नी हैं। स्थिति को संभालने के लिए जद(यू) के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के करीबी सहयोगी संजय कुमार झा ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए नीतीश कुमार का हाथ थामने की कोशिश की। लेकिन जब उन्हें लगा कि मुख्यमंत्री उनकी बात से नाराज हैं, तो उन्होंने पीछे हटते हुए स्थिति को उनके ऊपर छोड़ दिया।



### उप्र कांग्रेस ने बिहार से सटे ज़िलों की इकाइयों से महागठबंधन की मदद का आह्वान किया

**लखनऊ:** कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई ने बिहार से सटे जिलों की अपनी सभी इकाइयों और क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं से पड़ोसी राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के उम्मीदवारों की मदद करने की अपील की। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक निर्देश जारी कर बिहार से सटे जिलों की अपनी सभी इकाइयों से 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरा समर्थन देने को कहा है। उन्होंने कहा, ''बिहार से सटे जिलों और उत्तर प्रदेश के सभी नेताओं से मदद करने के लिए कहा गया है। हमने बिहार से सटे 12–13 जिलों के नेताओं से आग्रह किया है कि वे एक क्षेत्र चुनें और स्वेच्छा से जाकर 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवारों का समर्थन करें क्योंकि उनमें से कई के परिवार और रिश्तेदार भी हैं।

## बिहार: दीपावली के बाद सात शहरों में वायु गुणवत्ता 'खराब'

**पटना:** बिहार की राजधानी पटना सहित छह अन्य शहरों की वायु गुणवत्ता दीपावली के एक दिन बाद मंगलवार को 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीप–ीसीबी) के 21 अक्टूबर के दैनिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एएक्यूआई) बुलेटिन के अनुसार, बिहार में सबसे खराब स्थिति हाजीपुर की रही, जहां एएक्यूआई 291 दर्ज किया गया। राज्य के जिन अन्य छह शहरों की वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में रही, उनमें सहरसा (273), समस्तीपुर (236), पटना (226), अररिया (222), पूर्णिया (211) और बेगूसराय (203) शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, 'खराब' वायु गुणवत्ता के लंबे समय तक संपर्क में रहने पर अधिकांश लोगों को सांस लेने में तकलीफ शुरू हो सकती है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (बीएसपीसीबी) के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शुक्ला ने 'पीटीआई भाषा' को बताया, ''यह सही है कि कुछ शहरों में वायु गुणवत्ता में गिरावट आई है लेकिन स्थिति असामान्य नहीं है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार स्थिति बेहतर है। पिछले साल दीप–ावली के अगले दिन पटना में एएक्यूआई 230 था, जबकि उस समय बिहार में सभी प्रकार के पटाखों की बिक्री और आतिशबाजी पर प्रतिबंध था। इसलिए स्थिति चिंताजनक नहीं है।' उन्होंने दावा किया कि वायु प्रदूषण पर नियंत्रण से जुड़े नियमों को सख्ती से लागू किया गया। शुक्ला ने बताया कि राज्य की राजधानी में कुछ क्षेत्रों में दीपावली की रात ध्वनि प्रदूषण का स्तर सामान्य सीमा से अधिक पाया गया। उन्होंने बताया, 'बोर्ड ने दीपावली के दिन मीठापुर, रेलवे कार्यालय दानापुर, राजकीय महिला महाविद्यालय (गुलजारबाग) और प्रखंड कार्यालय, भूतनाथ रोड (कंकड़बाग) में ध्वनि प्रदूषण की निगरानी की। इन स्थानों पर शोर का स्तर सामान्य दिनों की तुलना में अधिक रहा।' अधिकारी ने बताया, ''शांत क्षेत्र में रात के समय 40 डेसिबल (डीबी) की अनुशंसित सीमा के मुकाबले शोर स्तर 67.3 डीबी दर्ज किया गया, जबकि आवासीय क्षेत्रों में यह 45 डीबी की सीमा के मुकाबले 68.1 डीबी पाया गया।'

## पंजाब में 10 दिनों में पराली जलाने की घटनाओं में तीन गुना वृद्धि



**चंडीगढ़:** पंजाब में इस मौसम में पराली जलाने की घटनाओं की संख्या बढ़कर 353 तक पहुंच गई है, जिनमें से अधिकतर मामले तरनतारन और अमृतसर जिलों से हैं। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) की ओर से जारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है।पीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 दिनों में राज्य में पराली जलाने की घटनाओं में तीन गुना से ज़्यादा की बढ़ोतरी हुई है। ग्यारह अक्टूबर तक ऐसे 116 मामले सामने आए।तरनतारन जिले में अब तक पराली जलाने के सबसे अधिक 125 मामले सामने आए हैं, इसके बाद अमृतसर में 112 मामले सामने आए हैं, क्योंकि कई किसान राज्य सरकार की अपील को नजरअंदाज करते हुए फसल अवशेष जलाना जारी रखे हुए हैं। पीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, पंजाब में 15 सितंबर से 20 अक्टूबर के बीच पराली जलाने की 353 घटनाएं हुईं। अन्य जिलों में, फिरोजपुर में 27, पटियाला में 23 और संगरूर में पराली जलाने के आठ मामले सामने आए हैं। अन्य जिलों के अलावा फिरोजपुर में पराली जलाने के 27 मामले, पटियाला में 23 और संगरूर में आठ मामले सामने आए हैं। पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने को अक्सर दिल्ली–एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। चूंकि, अक्टूबर और नवंबर में धान की कटाई के बाद रबी की फसल, गेहूं की बुवाई का समय बहुत कम होता है, इसलिए कई किसान अगली फसल की बुवाई के लिए अवशेषों को साफ करने के लिए अपने खेतों में आग लगा देते हैं। पीपीसीबी ने बताया कि अब तक 162 मामलों में पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में आठ लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। कुल जुर्माने में से 5.65 लाख रुपये से अधिक की वसूली हो चुकी है।

# योगी आदित्यनाथ ने सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों के परिवारों को मदद का भरोसा दिलाया

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों को मंगलवार को लखनऊ में पुलिस स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ड्यूटी के प्रति समर्पण के लिए पुलिस की तारीफ की और ड्यूटी के दौरान प्राण न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के परिवारों को सरकार की तरफ से लगातार मदद का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने पुलिसकर्मियों को पुष्पचक्र अर्पित कर नमन किया। रिजर्व पुलिस लाइन में सोमवार को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर प्रदेश पुलिस के उन तीन वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने एक सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 के बीच बदमाशों से मुठभेड़ में अपने प्राणों की आहुति दी। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के इन तीनों पुलिस कर्मियों के परिजनों से मुलाकात कर उनका सम्मान किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''हम आज देश के उन सभी शहीद पुलिसवालों को श्रद्धांजलि देने के लिए इकट्ठा हुए हैं जिन्होंने देश की सेवा में अपनी जान कुर्बान कर दी और ड्यूटी के प्रति मिसाल कायम की।' उन्होंने कहा, मैं उन्हें दिल से श्रद्धांजलि देता हूं। मैं उनके परिवारों को भी भरोसा दिलाना चाहता हूं कि हमारी सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में 4,061.87 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि बजट में डायल–112 वाहनों की खरीद के लिए 210 करोड़, उपकरणों के लिए 272.75 करोड़ और पुलिस आधुनिकीकरण योजना के लिए 53.88 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य निधि से 317 निर्माण कार्यों के लिए 900 करोड़ रुपये से अधिक स्वीकृत किए गए, जिनमें से 635 करोड़ से 140 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस के आधारभूत ढांचे के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं और विभिन्न श्रेणी के 31 हजार पदों का सृजन किया गया है। आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या, मिर्जापुर, चंदौली और सिद्धार्थनगर में 78 महिला पुलिस चौकियां, परामर्श केंद्र तथा प्रत्येक जनपद में एक–एक महिला थाने को भी मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक 15,000 से अधिक पुलिस मुठभेड़ में 257 दुर्दांत अपराधी मारे गए, 10,000 से अधिक घायल हुए। आदित्यनाथ ने कहा कि 20 मार्च 2017 से अब तक 26,920 अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम और 961 पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई हुई। उन्होंने कहा कि 14,467 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई और 68 माफियाओं तथा उनके 2,000 से अधिक साथियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत 69 अपराधियों को मृत्युदंड और 8,501 को आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई।



## मऊ में पटाखे जलाने को लेकर हुए झगड़े में युवक की मौत, एक अन्य गंभीर रूप से घायल

**मऊ:** मऊ जिले में दिवाली की रात पटाखे जलाने को लेकर विवाद हिंसक झड़प में तब्दील हो गया, जिसमें 19 साल के एक युवक की मौत हो गई और उसका रिश्ते का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार देर रात घोसी थाना क्षेत्र के कटिहारी गांव में हुई, जहां अजय चौहान (19) पर एक पंडाल के पास पटाखे जलाने को लेकर हुए झगड़े में कथित तौर पर लाठी और धारदार चीजों से हमला किया गया। पुलिस ने बताया कि इस घटना में अजय के रिश्ते के भाई राधेश्याम चौहान (19) को गंभीर चोटें आईं और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल के आपातकालीन मेडिकल ऑफिसर डॉ. जहीर सरफराज ने कहा, अजय को मृत अवस्था में लाया गया था, जबकि दूसरे युवक का इलाज किया जा रहा है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि दो समूहों के बीच कहासुनी हो गई – एक समूह अजय चौहान का था और दूसरा समरजीत चौहान का – जब समरजीत चौहान ने एक पंडाल के पास पटाखे जलाने पर एतराज किया, जहां देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्तियां रखी थीं। पुलिस ने बताया कि दोनों समूहों के बीच बहस जल्द ही बढ़ गई और दोनों तरफ से लाठी–डंडों और औजारों से हमला किया गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर, अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनूप कुमार और घोसी क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को काबू में किया।

# दिवाली पर दिल्ली में वायु प्रदूषण चार साल के उच्चतम स्तर पर, पीएम 2.5 का स्तर 675 पर पहुंचा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में दिवाली के दिन वायु गुणवत्ता चार साल में सबसे खराब रही तथा रात में प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ा और सूक्ष्म प्रदूषक कणों (पीएम 2.5) की सांद्रता 675 पर पहुंच गई जो 2021 के बाद से अब तक का उच्चतम स्तर है। सोमवार शाम चार बजे दिल्ली का पिछले 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 345 रहा जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में यह 330, 2023 में 218 और 2022 में 312 रहा था। कई जलवायु विशेषज्ञों ने मंगलवार को दावा किया कि व्यस्त समय के आंकड़े गायब हैं। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा हालांकि ने दावा किया कि सभी आंकड़े सही सलामत हैं और विभाग की वेबसाइट और ऐप पूरी तरह से चालू हैं। प्रति घंटे जारी बुलेटिन के अनुसार, शहर का एक्यूआई सोमवार रात भर उच्च बना रहा। बुलेटिन के अनुसार, एक्यूआई रात 10 बजे 344, रात 11 बजे 347, आधी रात को 349 और रात एक बजे 348 दर्ज किया गया। मंगलवार की सुबह सूचकांक लगातार ऊंचा बना रहा। यह सुबह पांच बजे 346, सुबह छह बजे 347, सुबह सात बजे 351, सुबह आठ बजे 352, सुबह नौ बजे 356, सुबह 10 बजे 359, पूर्वाह्न 11 बजे और दोपहर तक 359 पर बना रहा। इस बीच, पीएम2.5 का स्तर भी पिछले चार वर्षों में सबसे खराब रहा, जो दिवाली की देर रात 675 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। पीएम 2.5 ऐसे सूक्ष्म कण होते हैं जो आसानी से श्वसन तंत्र में प्रवेश कर जाते हैं और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर जोखिम पैदा करते हैं। पीएम 2.5 की सांद्रता भी सुरक्षित सीमा से अधिक हो गई। तुलना के लिए, 2024 में पीएम2.5 का स्तर 609 माइक्रोग्राम



प्रति घन मीटर, 2023 में 570 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर, 2022 में 534 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और 2021 में 728 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। दिवाली के दिन शाम चार बजे से पांच बजे के बीच पीएम2.5 का स्तर 91 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था जो हर घंटे लगातार बढ़ा। यह शाम छह बजे 106, शाम सात बजे 146, रात आठ बजे 223, रात नौ बजे 371, रात 10 बजे 537, और आधी रात तक 675 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के शिखर पर पहुंच गया। बाद में इसका स्तर गिरना शुरू हो गया और मंगलवार को बाद में 91 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर वापस आ गया। उच्चतम न्यायालय ने दिवाली पर रात आठ बजे से 10 बजे के बीच हरित पटाखे जलाने की अनुमति दी थी लेकिन पटाखे निर्धारित समय के काफी बाद तक कथित रूप से जलाए गए।

## इस साल दिल्ली की दिवाली की रौनक अनोखी, प्रदूषण की चिंताओं पर सरकार गंभीर: सीएम गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि इस वर्ष दिल्ली में दिवाली की चमक-दमक अद्वितीय थी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने को लेकर गंभीर है। उन्होंने पर्यावरण संबंधी चिंताओं के साथ परंपरा को संतुलित करते हुए हरित पटाखों के सीमित उपयोग की अनुमति देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय को धन्यवाद दिया, जबकि विपक्षी आम आदमी पार्टी ने दिवाली के बाद वायु गुणवत्ता सूचकांक में वृद्धि को लेकर भाजपा सरकार को घेरने की कोशिश की। कल रात कई लोगों ने उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित दो घंटे की सीमा से अधिक पटाखे फोड़कर दिवाली मनाई जिसकी वजह से दिल्लीवासियों को मंगलवार को सुबह गहरी धुंध के साथ आसमान में अंधेरा छाने, दृश्यता कम होने तथा वायु गुणवत्ता के 'लाल घेरे' में रहने का सामना करना पड़ा।

## दिल्ली-जयपुर में 350 से अधिक लोग झुलसे, शिमला में करोड़ों की संपत्ति खाक

देशभर में दिवाली के जश्न के बीच कई जगह हादसों ने चिंता बढ़ा दी। दिल्ली में 250 से अधिक, जयपुर में 100 से ज्यादा लोग झुलस गए, जबकि शिमला में भीषण आग से करोड़ों की संपत्ति जलकर राख हो गई। दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के पास, मोहन गार्डन और संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में आग की घटनाएं सामने आईं। ट्रांसपोर्ट नगर में लगी आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 40 गाड़ियां भेजी गईं। वहीं, मोहन गार्डन की चार मंजिला इमारत से सात लोगों को सुरक्षित निकाला गया। दिवाली की रात दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में झुलसने के कुल 250 से अधिक मामले दर्ज हुए। सबसे ज्यादा 129 मरीज सफदरजंग अस्पताल में आए, जिनमें से 118 लोग पटाखों से झुलसे थे। एम्स में 55, जीटीबी में 37, डीडीयू में 16 और एलएनजेपी में 15 मामले सामने आए। अधिकांश मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जयपुर के एसएमएस अस्पताल में पटाखों से जलने के 99 मामले आए, जिनमें से 20 लोगों को भर्ती किया गया।

## गुजरात सरकार ने नौ हाई-स्पीड कॉरिडोर विकसित करने के लिए 5,576 करोड़ रु आवंटित किए

**अहमदाबाद :** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 809 किलोमीटर लंबे नौ हाई-स्पीड कॉरिडोर के विकास के लिए मंगलवार को 5,576 करोड़ रुपये आवंटित किए। इसका उद्देश्य भारी भीड़भाड़ वाली सड़कों पर सुरक्षा में सुधार करना और यातायात सुगम बनाना है। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, पटेल ने नौ गरवी गुजरात कॉरिडोर सहित 124 परियोजनाओं के लिए 7,737 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने परिवहन की सुगमता को ध्यान में रखते हुए सड़क अवसंरचना नेटवर्क का विकास करके विकसित भारत की दृष्टि को साकार करने के लिए दृढ़ प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा, इसके लिए, मैंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 124 कार्यों के लिए सड़क एवं भवन विभाग को 7,737 करोड़ रुपये आवंटित करने का निर्णय लिया है। पटेल ने नौ गरवी गुजरात हाई-स्पीड कॉरिडोर के लिए 5,576 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस पहल के तहत, बागोदरा-धंधुका-बरवाला-बोटाड मार्ग, बोटाड-धासा-चावंड-अमरेली-बागसरा-बिल्खा-मेंदरदा मार्ग, मेंदरदा-केशोद-मंगरोल मार्ग और ऊंझा-पाटन-सिहोरी-देवदार-भाभर मार्ग सहित कई प्रमुख मार्गों को हाई-स्पीड कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा।

## नवी मुंबई में बहुमंजिला इमारत में आग लगने से चार लोगों की मौत, 10 घायल

**मुंबई :** महाराष्ट्र में नवी मुंबई स्थित एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में मंगलवार आधी रात के बाद आग लग जाने से चार लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिवाली के दिन तड़के हुई इस त्रासदी में मरने वालों में छह साल की एक बच्ची और 84 वर्षीय एक महिला भी शामिल है। उन्होंने संदेह जताया कि घटना का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है, लेकिन जांच जारी है। एक अधिकारी ने बताया कि आग सबसे पहले वाशी क्षेत्र के सेक्टर 14 में एमजीएम कॉम्प्लेक्स के रहेजा रेजीडेंसी की 10वीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में देर रात करीब 12:30 बजे लगी और 11वीं तथा 12वीं



मंजिल तक फैल गई। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद आठ दमकल गाड़ियों के साथ 40 अग्निशमन कर्मी और पुलिस मौके पर पहुंची और सुबह चार बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। मृतकों में वेदिका सुंदर बालकृष्णन (छह) नामक एक बच्ची और उसके पिता सुंदर बालकृष्णन (44) व मां पूजा राजन (39) शामिल हैं जो फ्लैट नंबर 1205 में रहते थे। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य मृतक, कमला हीरालाल जैन (84) 11वीं मंजिल पर रहती थीं। आग लगने के समय वह बिस्तर पर थीं और वहां से निकलने में समर्थ नहीं थीं।

## मिजोरम: चम्फाई में जनवरी-सितंबर के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी के 87 मामले दर्ज, 112 गिरफ्तार


**आइजोल :** मिजोरम के आबकारी एवं मादक पदार्थ विभाग ने इस वर्ष जनवरी से सितंबर की अवधि के दौरान म्यांमा की सीमा से लगे चम्फाई जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में 87 मामले दर्ज किए और 112 लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ये संख्या पिछले वर्ष की संख्या से अधिक थी। उन्होंने बताया कि 2024 में सीमावर्ती जिले में मादक पदार्थ तस्करी के संबंध में एनडीपीएस (स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम) 1985 के तहत 71 मामले दर्ज किए गए और 95 लोगों को गिरफ्तार किया गया। विभाग के आंकड़ों का हवाला देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि पिछले साल मिजोरम शराब (निषेध) अधिनियम के तहत 304 मामले दर्ज किए गए थे जबकि इस साल जनवरी-सितंबर की अवधि के दौरान 174 मामले दर्ज किए गए। उन्होंने कहा कि 2024 में शराब से संबंधित मामलों में कुल 220 लोगों को गिरफ्तार किया गया था और इस वर्ष यह संख्या 129 है। चम्फाई जिले के आबकारी एवं मादक पदार्थ विभाग के अधिकारियों ने जनवरी से सितंबर के बीच पिछले नौ महीनों में 12.616 किलोग्राम हेरोइन और 87.639 किलोग्राम 'मेथामफेटामीन' टैबलेट सहित मादक पदार्थ भी जब्त किए।

## एलबीए ने हिंसा की जांच में मदद के लिए फुटेज मांगी, संगीत-रहित शादियों का आह्वान

**लेह :** लद्दाख बौद्ध संघ (एलबीए) ने मंगलवार को 24 सितंबर की हिंसा के फोटो और वीडियो क्लिप मांगे, जिसमें चार लोग मारे गए और कई घायल हुए थे। संघ ने कहा कि ऐसी सामग्री जांच और न्याय की प्रक्रिया के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। 'लेह एपेक्स बॉडी' में शामिल एलबीए ने समुदाय से अपील की कि वे मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि के तौर पर बिना संगीत के विवाह समारोह आयोजित करें। केंद्र ने 17 अक्टूबर को लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) की एक प्रमुख मांग को पूरा करने के लिए 24 सितंबर की झड़पों की उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच की घोषणा की। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.एस. चौहान की अध्यक्षता में न्यायिक जांच उन परिस्थितियों की जांच करेगी, जिससे गंभीर कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई, पुलिस कार्रवाई की गई और इसके परिणामस्वरूप 1999 के कारगिल युद्ध के एक अनुभवी सैनिक सहित चार लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत हो गई। संघ ने लोगों से अनुरोध किया, जो कोई भी 24 सितंबर को घटना स्थल पर मौजूद था और जिसके पास घटना के फोटो या वीडियो फुटेज हैं, वह आगे आए और यह सामग्री एलबीए कार्यालय में सौंपे।

## समाज में नए प्रकार के अपराध, आतंकवाद और वैचारिक युद्ध उभर रहे हैं : राजनाथ

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि एक ओर जहां सीमाओं पर अस्थिरता है, वहीं समाज में नए प्रकार के अपराध, आतंकवाद और वैचारिक युद्ध उभर रहे हैं। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर यहां राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सिंह ने यह भी कहा कि सेना और पुलिस अलग-अलग मोर्चों पर कार्य करते हैं लेकिन उनका मिशन एक ही है - राष्ट्र की रक्षा करना। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लिए राष्ट्र की बाह्य और आंतरिक सुरक्षा में संतुलन बनाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम के तहत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और दिल्ली पुलिस की



संयुक्त परेड आयोजित की गई। वर्तमान चुनौतियों पर रक्षा मंत्री ने कहा कि जहां सीमाओं पर अस्थिरता है, वहीं समाज में नए प्रकार के अपराध, आतंकवाद और वैचारिक युद्ध उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपराध अधिक संगठित, अदृश्य और जटिल हो गया है तथा इसका उद्देश्य समाज में अराजकता पैदा करना, विश्वास को कमजोर करना तथा राष्ट्र की स्थिरता को चुनौती देना है। सिंह ने अपराध रोकने की अपनी आधिकारिक जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ समाज में विश्वास बनाए रखने के नैतिक कर्तव्य को पूरा करने के लिए पुलिस की सराहना की। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल हुए पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा, ''अगर आज लोग चैन की नींद सो पा रहे हैं, तो इसका कारण हमारे सतर्क सशस्त्र बलों और सतर्क पुलिस पर उनका भरोसा है। यही भरोसा हमारे देश की स्थिरता की नींव है।''

## पुलिस ने अमृतसर में आतंकी गतिविधियों में लिप्त दो लोगों को पकड़ा, ग्रेनेड बरामद

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उसने आतंकवादी गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल दो लोगों को पकड़ा और रॉकेट द्वारा चालित ग्रेनेड (आरपीजी) को 'लॉन्चर' के साथ जब्त किया है, जिससे ''लक्षित आतंकवादी हमला'' किया जाना था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''खुफिया सूचना पर आधारित एक अभियान में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय करते हुए, अमृतसर से आतंकवादी गतिविधियों में शामिल दो लोगों महकदीप सिंह उर्फ महक और आदित्य उर्फ अधी को गिरफ्तार किया तथा रॉकेट चालित एक ग्रेनेड बरामद किया।'' उन्होंने कहा, ''प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े व्यक्ति के संपर्क में थे, जिसने हथियार भेजा था और साथ ही वे हरप्रीत सिंह उर्फ विक्की के संपर्क में भी थे, जो वर्तमान में फिरोजपुर जेल में है।'' डीजीपी ने कहा कि आरपीजी से ''लक्षित आतंकवादी हमला'' करने की साजिश थी। इस बीच, पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि महकदीप सिंह उर्फ महक अमृतसर के वडाली का रहने वाला है और आदित्य उर्फ अधी अमृतसर के भगा छीना गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उनकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है।

## जम्मू के जंगलों में छिपे विदेशी आतंकवादियों को मार गिराने के लिए प्रयास जारी: आईजीपी



**जम्मू :** जम्मू संभाग में हर दिन 100 से अधिक आतंकवाद विरोधी अभियान चलाए जाने का दावा करते हुए एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि घने जंगलों में विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है और उन्हें मार गिराने के प्रयास जारी है। जम्मू क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) भीम सेन टूटी ने कहा कि आतंकवादी और अपराधी सुरक्षा तंत्र को तोड़ने के प्रयास में ड्रोन जैसी नयी तकनीक का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए सुरक्षा एजेंसियां उनसे दो कदम आगे हैं। टूटी ने देश की खातिर अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर कर्मियों को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर जम्मू रेलवे स्टेशन के पास पुलिस शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देने के बाद मीडियाकर्मियों को संबोधित किया। यह दिवस केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के उन 10 बहादुर शहीदों की स्मृति में मनाया जाता है जिन्होंने 21 अक्टूबर, 1959 को अपना कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने 4681 मीटर की ऊंचाई पर लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में भारी हथियारों से लैस चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में अपने प्राणों की आहुति दी थी।

## सबरीमला सोना मामला: एसआईटी ने सीलबंद लिफाफे में केरल उच्च न्यायालय को रिपोर्ट सौंपी

**कोच्चि :** सबरीमला से सोना गायब होने के मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को केरल उच्च न्यायालय में एक सीलबंद लिफाफे में अपनी पहली रिपोर्ट दाखिल की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। अदालत के सूत्रों ने बताया कि यह रिपोर्ट न्यायमूर्ति राजा विजयराघवन और न्यायमूर्ति केवी जयकुमार की पीठ के समक्ष वकीलों की अनुपस्थिति में बंद कमरे में सुनवाई के दौरान पेश की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट में जांच की वर्तमान स्थिति का विवरण दिया गया है। उच्च न्यायालय ने मामला विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपते हुए दो सप्ताह में प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था और जांच पूरी करने के लिए छह सप्ताह की समय सीमा निर्धारित की थी। अदालत ने मामले का स्वत: संज्ञान लेने के बाद एसआईटी का गठन किया था। मामला सबरीमाला में द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों के सोना मढ़े हुए आवरण को अदालत को सूचित किए बिना मरम्मत व नवीनीकरण के लिए स्थानांतरित करने से जुड़ा है। एक सतर्कता रिपोर्ट में सोना गायब होने के संबंध में देवस्वओम अधिकारियों की चूक को उजागर किया गया, जिसके बाद अदालत ने एसआईटी को एक आपराधिक मामला दर्ज कर जांच शुरू करने का निर्देश दिया।

## अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन की समीक्षा की, यात्रियों से सीधे बातचीत की

**नई दिल्ली :** रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार शाम नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया और यात्रियों से सीधे बातचीत कर उनके अनुभव एवं सुझाव सुने। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने प्लेटफार्म संख्या 1 पर स्थित नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया, जहां से पूरे स्टेशन की निगरानी की जाती है। उन्होंने अधिकारियों से रीयल-टाइम मॉनिटरिंग, ट्रेनों के आवागमन और यात्रियों की आवाजाही से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।



इसके बाद श्री वैष्णव प्लेटफार्म संख्या 12 और 13 पर पहुंचे, जहां उन्होंने यात्रियों से संवाद कर भीड़ नियंत्रण और सुविधा व्यवस्था पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। इसके साथ ही उन्होंने प्लेटफार्म संख्या 16 पर खड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर वर्ग के यात्रियों से मुलाकात की और उनसे यात्रा अनुभव साझा करने का आग्रह किया। यात्रियों ने मंत्री को रेलवे की हालिया सुविधाओं, स्वच्छता और यात्रा के दौरान मिली सेवाओं के बारे में बताया।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा केंद्र: आराम, सुरक्षा और आधुनिकता का संगम




**नई दिल्ली :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ने इस त्योहारी सीजन में यात्रियों के लिए एक नई सौगात पेश की है। यहां 6,000 वर्ग मीटर में फैले अत्याधुनिक यात्री सुविधा केंद्र का उद्घाटन 11 अक्टूबर को किया गया। लगभग 7,000 यात्रियों को एक साथ समायोजित करने की क्षमता वाला यह केंद्र देश के सबसे व्यस्त स्टेशनों में भीड़ प्रबंधन और यात्रियों के आराम को प्राथमिकता देता है। इस केंद्र को तीन हिस्सों में बांटा गया है - प्री-टिकटिंग, टिकटिंग और प्रस्थान क्षेत्र। टिकटिंग सेक्शन में 22 आधुनिक काउंटर और 25 स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें (एटीवीएम) हैं, जिससे टिकटिंग प्रक्रिया तेज और सुगम हो गई है। यात्रियों के बैठने की व्यवस्था, एच-वीएलएस पंखों द्वारा ठंडी हवा, आरओ आधारित पेयजल प्रणाली, 652 वर्ग मीटर में बने स्वच्छ शौचालय और निःशुल्क प्रतीक्षा सुविधा यात्रियों को आरामदायक अनुभव देती हैं। सुरक्षा के लिहाज से केंद्र में सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन इकाइयां, सामान स्कैनर और मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। साथ ही, 24 स्पीकरों वाली घोषणा प्रणाली और तीन एलईडी सूचना बोर्ड यात्रियों को ट्रेन की ताज़ा जानकारी देते हैं। बरेली के छात्र अमन कश्यप बताते हैं, सिर्फ चार मिनट में टिकट मिल गया, अब लंबी कतारों की जरूरत नहीं। वहीं, रामपुर की दयाल कौर का कहना है, एटीवीएम मशीन से टिकट निकालना बेहद आसान है। भारतीय रेलवे का यह नया यात्री सुविधा केंद्र आधुनिकता, सुविधा और सुरक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो यात्रियों को निर्बाध और सुखद यात्रा अनुभव प्रदान करता है।

## पुलिसकर्मियों का दृढ़ समर्पण देश को सुरक्षित रखता है: पुलिस स्मृति दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों राजनाथ सिंह एवं अमित शाह ने मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी बहादुरी, करुणा और कर्तव्य के प्रति अटूट भावना के कारण देश और देशवासी सुरक्षित रह पाते हैं। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि वह पुलिसकर्मियों के अनुकरणीय साहस और सर्वोच्च बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हैं। उन्होंने कहा, ''राष्ट्र की रक्षा और देश के लोगों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता के कारण वे अत्यधिक सम्मान के हकदार है।'' राधाकृष्णन ने कहा कि संकट और मानवीय आवश्यकता के समय में भी सेवा के लिए दृढ़ समर्पण और तत्परता के माध्यम से वे बहादुरी, करुणा और कर्तव्य के प्रति अदम्य भावना का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनका दृढ़ समर्पण देश और देशवासियों को सुरक्षित रखता है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पुलिस स्मृति दिवस पर हम अपने पुलिसकर्मियों के साहस को सलाम करते हैं और कर्तव्य पालन में उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करते हैं। उनका अटूट समर्पण हमारे देश और यहां के लोगों को सुरक्षित रखता है।'' उन्होंने कहा, ''संकट और जरूरत के समय में उनकी बहादुरी और प्रतिबद्धता सराहनीय है।''



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पुलिस बलों ने नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के अलावा, अपराधों और आंतरिक सुरक्षा के प्रति खतरों को विफल करके गौरव गाथा लिखी है। गृह मंत्री ने कहा कि तत्काल कदम उठाने वालों के रूप में पुलिस बलों ने अपराधों और आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरों को विफल करके और अनुकरणीय साहस और प्रतिबद्धता के साथ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करके गौरव गाथा लिखी है। उन्होंने कहा, ''देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि।'' गृह मंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज (आईएनए) के ''वीर योद्धाओं'' को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आजाद हिंद फौज की स्थापना दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आईएनए के बहादुर योद्धाओं को नमन।'' उन्होंने कहा, ''नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आईएनए के माध्यम से क्रांतिकारियों के दिलों में यह दृढ़ विश्वास जगाया कि देशवासी अपनी सेना और सैन्य अभियानों के माध्यम से स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते हैं।'' गृह मंत्री ने कहा कि आज़ादी के आंदोलन के वे सैनिक, जिन्होंने नेताजी के नेतृत्व में 1943 में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर तिरंगा फहराया और भारत की स्वतंत्रता की घोषणा की, राष्ट्र-प्रथम की भावना के लिए सदैव प्रेरणा बने रहेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एक ओर जहां सीमाओं पर अस्थिरता है, वहीं समाज में नए प्रकार के अपराध, आतंकवाद और वैचारिक युद्ध उभर रहे हैं। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर यहां राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सिंह ने यह भी कहा कि सेना और पुलिस अलग-अलग मोर्चों पर कार्य करते हैं लेकिन उनका मिशन एक ही है - राष्ट्र की रक्षा करना।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सात साल से फरार व्यक्ति कुलगाम से गिरफ्तार

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में पुलिस ने पिछले सात वर्षों से गिरफ्तारी से बच रहे एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजौरी जिले के गुंडाह खवास निवासी मोहम्मद फरीद बजार्ड, यारीपोरा थाने में दर्ज एक मामले में वांछित था। प्रवक्ता ने कहा, ''भगोड़ों और घोषित अपराधियों पर अपनी निरंतर कार्रवाई जारी रखते हुए, जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह पिछले सात वर्षों से फरार था।'' उन्होंने कहा, ''आरोपी 2018 से फरार था। विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस की एक टीम ने लगातार प्रयासों के बाद उसे गिरफ्तार किया। विधिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे अदालत में पेश किया गया।''

### अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाने से जुड़े कॉल सेंटर घोटाले के दो आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी

**मुंबई :** मुंबई की एक धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने धोखाधड़ी के जरिये अमेरिकी नागरिकों से कम से कम 127 करोड़ रुपये की वसूली करने वाले गिरोह के दो कथित सदस्यों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए हैं। न्यायाधीश आर बी रोटे ने 15 अक्टूबर को अलग-अलग आदेशों में कहा कि आरोपी केतव रवानी और करण सिंह शेखावत गिरफ्तारी से बच रहे हैं। पीएमएलए मामला मई, 2025 में पुणे साइबर पुलिस थाने द्वारा रवानी, शेखावत और कई अन्य के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी से जुड़ा है। यह मामला पुणे की एक इमारत से कथित तौर पर संचालित 'मैग्नटेल बीपीएस एंड कंसल्टेंट्स एलएलपी' नामक कंपनी के जरिए साइबर धोखाधड़ी से जुड़ा था। पुलिस द्वारा दायर आरोप-पत्र के अनुसार, धोखाधड़ी करने वालों ने अमेरिकी नागरिकों को पहले से रिकॉर्ड किए गए 'वॉइसमेल' भेजे, जिनमें दावा किया गया था कि उनके अमेजन खातों का दुरुपयोग मादक पदार्थों की तस्करी के लिए किया जा रहा है। फिर पीड़ितों को बिटकॉइन, सोना, उपहार कार्ड सहित विभिन्न तरीकों से पैसे भेजने के लिए मजबूर किया जाता था।

### असम से आठ घुसपैठियों को वापस भेजा गया: मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि आठ घुसपैठियों को राज्य से वापस भेज दिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्हें कब और कहां से वापस भेजा गया। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दुनिया में सात अजूबे हैं और आठवां अजूबा अवैध घुसपैठिए हैं जो असम में घुसकर हमारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने लेखक लुईस कैरोल की प्रसिद्ध किताब 'एलिस इन वंडरलैंड' का संदर्भ देते हुए कहा, हालांकि, अच्छी खबर यह है कि हम इन अजूबों को असम में इधर-उधर भटकने नहीं देंगे। वंडरलैंड के आठ एलिस को पीछे धकेल दिया गया। अलविदा।

### नवंबर के अंतिम सप्ताह तक यमुना क्रूज सेवा शुरू करने की योजना बना रही है दिल्ली सरकार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार यमुना नदी के पुनरुद्धार और इसके किनारों पर मनोरंजक गतिविधियों को बढ़ाने के अपने प्रयासों के तहत नवंबर के अंतिम सप्ताह तक अपनी महत्वाकांक्षी यमुना क्रूज परियोजना शुरू करने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोनिया विहार और जगतपुर के बीच प्रस्तावित क्रूज सेवा शहर में एक महत्वपूर्ण पर्यटन आकर्षण होगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत वजीराबाद बैराज (सोनिया विहार) और जगतपुर (शनि मंदिर) के बीच यमुना के हिस्से को क्रूज सेवा के लिए विकसित किया गया है, क्योंकि वहां पानी की गुणवत्ता अच्छी है। इस वर्ष की शुरुआत में पांच एजेंसियों ने इस सेवा को शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

## ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हीली इंग्लैंड के खिलाफ मैच से बाहर, मैकग्रा करेंगी कप्तानी

**इंदौर:** आस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली पिंडली की चोट के कारण बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले महिला विश्व कप मैच में नहीं खेल पाएंगी। उनकी अनुपस्थिति में ताहलिया मैकग्रा कप्तानी करेंगी। पिछले दो मैचों में शतक लगाने वाली ऑस्ट्रेलियाई कप्तान को शनिवार को अभ्यास सत्र के दौरान चोट लगी। आस्ट्रेलिया की मुख्य कोच शेली निश्चेके ने मंगलवार को मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा, 'हां, यह निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है कि उसकी पिंडली में हल्का खिंचाव है।' ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी की शुरुआत करने वाली हीली चार पारियों में 294 रन बनाकर इस समय टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के खिलाफ उनकी जगह जॉर्जिया वोल फ़ोबे लिचफील्ड के साथ पारी की शुरुआत कर सकती है।

## एआईएफएफ ने अंडर 17 महिला टीम के लिये 25000 डॉलर पुरस्कार का ऐलान किया

**नयी दिल्ली:** एआईएफएफ ने एएफसी अंडर 17 एशियाई कप के लिये पहली बार क्वालीफाई करने वाली भारत की अंडर 17 महिला टीम के लिये 25000 डॉलर पुरस्कार का ऐलान किया है। भारत ने पिछले सप्ताह बिश्केक में किर्गीस्तान और उजबेकिस्तान को 2 . 1 से हराकर ग्रुप जी में शीर्ष स्थान पर रहते हुए चीन में अगले साल होने वाले एएफसी टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई किया। भारत इस आयुवर्ग में पहली बार इस टूर्नामेंट में खेलेगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'एआईएफएफ भारत की अंडर 17 महिला टीम को पहली बार एएफसी अंडर 17 महिला एशियाई कप के लिये क्वालीफाई करने पर 25000 डॉलर पुरस्कार के तौर पर देगा।' भारत ने आखिरी बार 2005 में अंडर 17 महिला एशियाई कप के लिये क्वालीफाई किया था लेकिन उस समय क्वालीफायर नहीं होता था।

# एशिया कप ट्रॉफी प्रकरण में बीसीसीआई को श्रीलंका, अफगानिस्तान का समर्थन, नकवी मानने को तैयार नहीं



**नयी दिल्ली:** एशिया कप ट्रॉफी को लेकर गतिरोध बना हुआ है और बीसीसीआई को श्रीलंका तथा अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड का समर्थन मिलने के बावजूद एशिया क्रिकेट परिषद के पाकिस्तानी प्रमुख मोहसिन नकवी मानने को तैयार नहीं हैं। ट्रॉफी अभी तक चैम्पियन भारतीय टीम को मिली नहीं है। एसीसी के एक शीर्ष सूत्र ने पीटीआई को बताया कि नकवी ने कहा है कि बीसीसीआई का कोई प्रतिनिधि दुबई में एसीसी मुख्यालय से ट्रॉफी उनसे ले सकता है लेकिन भारतीय बोर्ड ने इससे इनकार किया। बीसीसीआई अगले महीने आईसीसी की बैठक में यह मसला उठायेगा। एसीसी सूत्र ने कहा ,'बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ,एसीसी में बीसीसीआई के प्रतिनिधि राजीव शुक्ला और श्रीलंका तथा अफगानिस्तान समेत अन्य सदस्य बोर्ड के प्रतिनिधियों ने पिछले सप्ताह एसीसी को पत्र लिखकर ट्रॉफी भारत को देने के लिये कहा।' उन्होंने कहा ,'लेकिन उनका जवाब था कि बीसीसीआई से किसी को दुबई आकर उनसे ट्रॉफी लेनी होगी। इसलिये मामले में गतिरोध बना हुआ है। बीसीसीआई ने साफ तौर पर कहा है कि वह नकवी से ट्रॉफी नहीं लेंगे। अब इस पर फैसला आईसीसी की बैठक में होगा।' आईसीसी के प्रमुख बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह हैं। ट्रॉफी एसीसी मुख्यालय पर है चूंकि भारतीय टीम ने 28 सितंबर को एशिया कप फाइनल के बाद इसे नकवी से लेने से इनकार कर दिया था जिसके बाद वह ट्रॉफी लेकर चले गए। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख और अपने देश के गृहमंत्री भी हैं और भारत विरोधी रवैये के लिये जाने जाते हैं। बीसीसीआई के पत्र के बाद नकवी की ओर से आये जवाब में कहा गया कि उन्हें पहले बताया नहीं गया था कि भारतीय खिलाड़ी उनसे ट्रॉफी लेने का बहिष्कार करने वाले हैं। पत्र में कहा गया ,'जब समारोह होने वाला था और मंच पर सभी अतिथि पहुंच गए थे , तब बीसीसीआई के प्रतिनिधि ने बताया कि भारतीय टीम एशिया कप ट्रॉफी और पुरस्कार नहीं लेगी।' इसमें कहा गया ,'एसीसी अध्यक्ष ने तमाम अतिथियों के साथ करीब 40 मिनट तक इंतजार किया ताकि पुरस्कार वितरण समारोह की गरिमा बनी रहे और इस पर राजनीति का प्रभाव नहीं पड़े लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।' पत्र में कहा गया ,'एसीसी ट्रॉफी भारतीय क्रिकेट टीम की है और इसे तब तक यहां रखा जाएगा जब तक कि बीसीसीआई का कोई पदाधिकारी किसी भी उपलब्ध प्रतिभागी खिलाड़ी के साथ एसीसी अध्यक्ष से इसे प्राप्त नहीं कर लेता।' इसमे आगे कहा गया ,'इस तरह से ट्रॉफी लेने को निश्चित रूप से बहुत धूमधाम और कवरेज के साथ किया जाएगा क्योंकि स्थापित प्रथाओं से अलग कुछ नहीं होना चाहिए और कोई मिसाल नहीं कायम की जानी चाहिए जो उस खेल की भावना को कमजोर करे जिसे हम सभी प्यार करते हैं।

## रिजवान की जगह शाहीन शाह अफरीदी बने पाकिस्तान की वनडे टीम के कप्तान

**लाहौर:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला से पहले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को अपनी वनडे टीम का कप्तान नियुक्त किया है, जो मुहम्मद रिजवान की जगह लेंगे। पीसीबी ने सोमवार को कहा कि शाहीन चार से आठ नवंबर तक फैसलाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में पाकिस्तान की टीम का नेतृत्व करेंगे। पीसीबी ने कहा कि शाहीन अफरीदी को कप्तान बनाने का फैसला इस्लामाबाद में हुई बैठक में लिया गया जिसमें राष्ट्रीय चयनकर्ता, सलाहकार बोर्ड के सदस्य और सीमित ओवरों की राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच माइक हेसन शामिल हुए। शाहीन को 2023 के आखिर में राष्ट्रीय टी20 कप्तान भी बनाया गया था, लेकिन न्यूजीलैंड में सिर्फ एक श्रृंखला के बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था।

## एकदिवसीय रैंकिंग: मंधाना शीर्ष स्थान पर बरकरार, दीप्ति गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर




**दुबई:** भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी की मंगलवार को जारी नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं। उन्होंने इंग्लैंड की कप्तान नेट स्किवर ब्रंट पर 83 अंक की बढ़त बना ली है। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एकलेस्टोन शीर्ष पर हैं। स्मृति ने मौजूदा विश्व कप में लगातार अर्धशतक बनाए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ इंदौर में पिछले मैच में भारत की करीबी हार के दौरान 88 रन की पारी खेली थी। स्मृति ने हाल ही में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ की बल्लेबाज को विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए सितंबर 2025 के लिए आईसीसी की महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया था। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हील ी विश्व कप में लगातार शतकों के दम पर एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं। फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स (एक स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर) ने भी बल्ले से अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर शीर्ष 10 में अपनी जगह मजबूत की है।

# मैं मानसिक रूप से पहले से कहीं अधिक जल्दी थक जाता हूं: स्मिथ



**सिडनी:** टेस्ट क्रिकेट पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करने से स्टीव स्मिथ पूरे सत्र में तरोताजा बने रहे हैं जबकि कुछ वर्ष पहले वह तीनों प्रारूपों में समान जुनून से खेलने के बाद पूरी तरह से थक जाते थे। एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास ले चुके स्मिथ ने तरोताजा होने के लिए ब्रेक लिया था और अब वह 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे जबकि नियमित कप्तान पैट कमिंस अब भी पीठ के निचले हिस्से की चोट से उबर रहे हैं। यह 36 वर्षीय बल्लेबाज अब ऑस्ट्रेलियाई सर्दियों के दौरान न्यूयॉर्क में रहता है और अगस्त के बाद से उन्होंने बल्ला नहीं उठाया है। स्मिथ ने अपने पहले ट्रेनिंग सत्र के बाद यहां संवाददाताओं से कहा, 'मैं मानसिक रूप से पहले से कहीं अधिक जल्दी थक जाता हूं।' उन्होंने कहा, 'दस साल पहले मुझे वापसी करके हर संभव मैच खेलना बहुत पसंद था। अब जसहिर है कि टेस्ट क्रिकेट मेरे लिए बड़ी प्राथमिकता बन गया है।' स्मिथ ने कहा, 'मुझे पता है कि जब मैं शुरुआत में बहुत अधिक खेलता हूं तो तो गर्मियों के अंत तक मैं मानसिक रूप से काफी थक जाता हूं और शायद पहले जैसा प्रदर्शन नहीं कर पाता।' अपनी ऊर्जा बचाने और प्रारूपों को प्राथमिकता देने का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है जैसा कि स्मिथ ने पिछले सत्र में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दो शतक लगाने के बाद महसूस किया। स्मिथ ने कहा, 'पिछले साल मैं शायद गर्मियों के आखिर में भारत के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी कर रहा था क्योंकि शुरुआत में मैंने अधिक क्रिकेट नहीं खेला था। सच कहूं तो दो शॉट खेलने के बाद ही मैं लय में आ जाता हूं। मुझे लगता है कि अब मैं खेलने के लिए तैयार हूं।'

## पंत फिट, दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए टीम की कप्तानी करेंगे

**नयी दिल्ली:** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड दौरे के दौरान पैर में लगी चोट से पूरी तरह उबरने के बाद मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ लाल गेंद की श्रृंखला के लिए भारत ए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। पंत को जुलाई में मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में बल्लेबाजी करते समय पैर में चोट लग गई थी और इसके बाद वह एशिया कप और हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। क्रिस वोक्स की गेंद उनके दाहिने पैर के अंगूठे पर लगी, लेकिन इसके बावजूद वह बल्लेबाजी करने के लिए उतरे और उन्होंने अर्धशतक बनाया। चयनकर्ताओं ने उन्हें 30 अक्टूबर से बेंगलुरु में होने वाले दोनों मैचों के लिए भारत ए टीम में शामिल किया है।

# भारत की 23 सदस्यीय मुक्केबाजी टीम एशियाई युवा खेलों के लिए बहरीन रवाना




**नयी दिल्ली:** भारत की 23 सदस्यीय मुक्केबाजी टीम 23 अक्टूबर से शुरू होने वाले तीसरे एशियाई युवा खेलों में भाग लेने के लिए मनामा, बहरीन के लिए रवाना हो गई है। टीम में ध्रुव खरब, उधम सिंह राघव, खुशी चंद, अहाना शर्मा और चंद्रिका भोरशी पुजारी जैसे मुक्केबाज शामिल हैं जिन्होंने हाल में भारत की तरफ से अच्छा प्रदर्शन किया था। टीम में कई ऐसे मुक्केबाज भी शामिल हैं जिन्होंने जुलाई 2025 में एशियाई अंडर-17 चैंपियनशिप में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था, जहां भारत ने 43 पदक जीते थे और कुल मिलाकर दूसरा स्थान हासिल किया था। टीम का चयन इस वर्ष की शुरुआत में आयोजित छठी अंडर-17 जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर किया गया था, जहां स्वर्ण पदक विजेताओं का सीधा चयन हुआ था, जबकि रजत पदक विजेताओं को रिजर्व के रूप में चुना गया था। भारतीय टीम अंडर-17 आयु वर्ग में 14 भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेगी। इसमें लड़कों और लड़कियों के लिए सात-सात भार वर्ग शामिल हैं।

## एक दूसरे के खिलाफ अपनी बादशाहत साबित करने के लिए भिड़ेंगे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड

**इंदौर:** गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड पहले ही महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं और ऐसे में बुधवार को यहां जब यह दोनों टीम शीर्ष स्थान के लिए होने वाले मुकाबले में आमने सामने होंगी तो उनका लक्ष्य एक दूसरे पर अपनी बादशाहत साबित करना और अपनी जीत की लय बरकरार रखना होगा। दोनों टीमें अब तक अजेय रही हैं। इन दोनों टीम ने अभी तक चार मैच जीते हैं जबकि दोनों का एक-एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड के 1.490 की तुलना में 1.818 के बेहतर नेट रन रेट के कारण अंक तालिका में शीर्ष पर है। इस मैच में जो भी टीम जीत हासिल करेगी उसका शीर्ष स्थान पक्का हो जाएगा। इसके अलावा उसे सेमीफाइनल से पहले मनोवैज्ञानिक बढ़त भी हासिल हो जाएगी।



## मुहूर्त कारोबार में सेंसेक्स, निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद



**मुंबई:** वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच मंगलवार को एक घंटे के विशेष मुहूर्त कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। इससे नए संवत वर्ष 2082 की शुरुआत सकारात्मक रही। बीएसई सेंसेक्स 62.97 अंक या 0.07 प्रतिशत चढ़कर 84,426.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,665.44 अंक के उच्चस्तर तक गया और 84,286.40 अंक के निचले स्तर तक आया। एनएसई निफ्टी 25.45 अंक या 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,868.60 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 25 शेयर गिरावट के साथ जबकि 24 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। एक शेयर अपरिवर्तित रहा। बीएसई और एनएसई ने नए संवत वर्ष 2082 की शुरुआत और व्यापारियों एवं निवेशकों के लिए नई लेखा पुस्तकों के उद्घाटन के उपलक्ष्य में मंगलवार को पौने दो बजे से पौने तीन तक एक विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र आयोजित किया। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से बजाज फिनसर्व के शेयर में सबसे अधिक 1.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके बाद एक्सिस बैंक में 0.80 प्रतिशत, इन्फोसिस में 0.72 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 0.60 प्रतिशत, टाटा मोटर्स में 0.55 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 0.53 प्रतिशत और टाटा स्टील में 0.52 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। दूसरी ओर कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी इंडिया, ट्रेंट लिमिटेड और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

## 'उड़ान' के तहत 649 हवाई मार्ग जुड़े, योजना अप्रैल 2027 के बाद भी जारी रहेगी: सरकार




**नयी दिल्ली:** सरकार ने मंगलवार को कहा कि क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' अप्रैल, 2027 के बाद भी जारी रहेगी। इस योजना ने नौ वर्षों में 93 अप्रयुक्त और अधूरे हवाई अड्डों को जोड़ने वाले 649 मार्गों को चालू करने में मदद की है। उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) 21 अक्टूबर, 2016 को शुरू की गई थी और इस योजना के तहत पहली उड़ान 27 अप्रैल, 2017 को शिमला और दिल्ली के बीच संचालित की गई थी। नागर विमानन मंत्रालय ने बयान में कहा, 'इस योजना के तहत 15 हेलिपोर्ट और दो जल हवाई अड्डों सहित 93 अप्रयुक्त और अधूरे हवाई अड्डों को जोड़ने वाले 649 मार्गों का संचालन शुरू किया गया है। इससे 3.23 लाख उड़ानों से 1.56 करोड़ से अधिक यात्रियों को सुविधा मिली है।' एयरलाइन कंपनियों को व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) के रूप में 4,300 करोड़ रुपये से अधिक वितरित किए गए हैं। क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के तहत हवाई अड्डों के विकास के लिए 4,638 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। बयान के मुताबिक, नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने पहाड़ी, पूर्वोत्तर और आकांक्षी क्षेत्रों के साथ संपर्क और लगभग 120 नए गंतव्यों के विकास को केंद्र में रखते हुए अप्रैल, 2027 के बाद भी इस योजना को जारी रखने की पुष्टि की है।

# ई-कॉमर्स की त्योहारी बिक्री मात्रा में 24 प्रतिशत बढ़ी, क्विक कॉमर्स का जलवा



**नयी दिल्ली:** दिवाली त्योहारी सत्र भारत के ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिए शानदार रहा, जिसमें मात्रा के लिहाज से बिक्री सालाना 24 प्रतिशत बढ़ी और सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ई-कॉमर्स क्षेत्र के मंच यूनिकॉमर्स ने यह जानकारी दी। इस दौरान क्विक कॉमर्स ऐप का वृद्धि में सबसे अधिक योगदान रहा, जिन्होंने ऑर्डर की मात्रा में सालाना आधार पर 120 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसके बाद ब्रांड वेबसाइट ने 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। मार्केटप्लेस प्रमुख चैनल बने रहे, जिनकी कुल खरीदारी में 38 प्रतिशत हिस्सेदारी रही और उनका ऑर्डर मात्रा के लिहाज से आठ प्रतिशत बढ़ा। यूनिकॉमर्स ने कहा कि ये जानकारियां 2024 और 2025 में 25 दिन तक चलने वाले त्योहारी सत्र के दौरान उसके प्रमुख मंच यूनीवेयर के माध्यम से हुए 15 करोड़ से अधिक लेनदेन पर आधारित हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा, '2025 का दिवाली त्योहारी सत्र भारत के ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिए बहुत अच्छा रहा, जहां ऑर्डर मात्रा के लिहाज से 24 प्रतिशत बढ़ा, जबकि सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।' शीर्ष प्रदर्शन करने वाली श्रेणियों में रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुएं (एफएमसीजी), गृह सज्जा और फर्नीचर, सौंदर्य और देखभाल तथा स्वास्थ्य और फार्मा रहे।बयान के मुताबिक, कुल ऑर्डर में दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों का योगदान लगभग 55 प्रतिशत रहा।

## कौशल विकास, श्रम गतिशीलता में सर्वोत्तम व्यवहार को साझा करेंगे भारत-फिलिपीन



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी फिलिपीन में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं जिसका उद्देश्य कौशल विकास, श्रम गतिशीलता और डेटा-संचालित नीति ढांचे से संबंधित क्षेत्रों में ज्ञान के आदान-प्रदान एवं सर्वोत्तम व्यवहार को साझा करना है। चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल 20-22 अक्टूबर तक फिलिपीन की यात्रा पर है। विश्व बैंक के सहयोग से कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्यमंत्री द्वारा की जा रही इस यात्रा का उद्देश्य प्रमुख फिलिपीन संस्थानों जैसे प्रवासी श्रमिक विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास प्राधिकरण, फिलिपीन सांख्यिकी प्राधिकरण तथा प्रवासी श्रमिक कल्याण प्रशासन के साथ रणनीतिक सहभागिता स्थापित करना है। प्रतिनिधिमंडल में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हैं। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने कहा, 'यह मानव पूंजी विकास पर सहयोग करने, आपसी शिक्षा को बढ़ावा देने और कौशल एवं उद्यमिता के माध्यम से समान तथा सतत विकास के लिए मार्ग तैयार करने की 'ग्लोबल साउथ' की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

## प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन सितंबर में तीन प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली:** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सितंबर, 2025 में मासिक आधार पर घटकर तीन प्रतिशत पर आ गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सालाना आधार पर सुधरी है लेकिन मासिक आधार पर इसमें सुस्ती दर्ज की गई है।अगस्त महीने में इन प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 6.5 प्रतिशत बढ़ा था, जबकि पिछले साल सितंबर में यह वृद्धि 2.4 प्रतिशत दर्ज की गई थी। सितंबर में इन बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर तीन माह में सबसे कम रही। इसके पीछे कोयला, कच्चा तेल, रिफाइनरी उत्पादन एवं प्राकृतिक गैस के उत्पादन में आई नरमी की अहम भूमिका रही। उर्वरक और सीमेंट उत्पादन की वृद्धि दर सितंबर, 2025 में धीमी होकर क्रमशः 1.6 प्रतिशत और 5.3 प्रतिशत रह गई जबकि सितंबर, 2024 में यह क्रमशः 1.9 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत थी। हालांकि, इस्पात और बिजली उत्पादन में सालाना आधार पर क्रमशः 14.1 प्रतिशत और 2.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर गिरकर 2.9 प्रतिशत पर आ गई।

## पीएनबी को तीसरी तिमाही में 1,500 करोड़ रुपये की ट्रेजरी आय की उम्मीद

**नयी दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में करीब 1,500 करोड़ रुपये की ट्रेजरी आय होने और मार्जिन में सुधार की उम्मीद है। ट्रेजरी आय किसी बैंक के प्रतिभूति निवेश, विदेशी मुद्रा कारोबार और वित्तीय साधनों से होने वाली वह आय है, जो बैंक के सामान्य कर्ज एवं जमा कारोबार से होने वाली आय से अलग होती है। पीएनबी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली दो तिमाहियों में बैंक को कुल 1,800 करोड़ रुपये की ट्रेजरी आय हुई है और अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में करीब 1,500 करोड़ रुपये की आय होने की उम्मीद है।

## न्यूज अपडेट

### रुपये में उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए आरबीआई ने अगस्त में 7.7 अरब डॉलर बेचे

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विनिमय दर में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट को रोकने के लिए अगस्त में 7.7 अरब अमेरिकी डॉलर बेचे। आरबीआई के नवीनतम बुलेटिन में प्रकाशित अमेरिकी डॉलर की बिक्री/खरीद के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में केंद्रीय बैंक की अमेरिकी डॉलर की शुद्ध बिक्री 7.69 अरब अमेरिकी डॉलर रही जो पिछले महीने की तुलना में लगभग तीन गुना है। आंकड़ों के अनुसार, केंद्रीय बैंक ने जुलाई और अगस्त में अमेरिकी डॉलर नहीं खरीदे। आरबीआई का घोषित रुख यह है कि वह रुपये-डॉलर विनिमय दर के किसी स्तर या दायरे को लक्षित नहीं करता बल्कि विदेशी मुद्रा बाजार में केवल तभी हस्तक्षेप करता है जब अत्यधिक अस्थिरता हो। अगस्त में डॉलर के मुकाबले रुपये में बड़ी गिरावट आई थी। इसके बाद बढ़ते व्यापार तनाव, बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं और लगातार विदेशी पोर्टफोलियो निवेश की निकासी के बीच सितंबर में भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में गिरावट दर्ज की गई थी।

### टाटा मोटर्स ने त्योहारों के दौरान एक लाख से अधिक यात्री वाहनों की आपूर्ति की

**नयी दिल्ली:** टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स लिमिटेड ने नवरात्रि से दिवाली तक 30 दिन में एक लाख से अधिक वाहनों की आपूर्ति की, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शैलेश चंद्रा ने बयान में कहा कि सबसे अधिक आपूर्ति एसयूवी की गई। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन खंड में भी मजबूती बनी रही। उन्होंने कहा, 'नवरात्रि से दिवाली तक 30 दिन की अवधि में हमने एक लाख से अधिक वाहनों की आपूर्ति (डिलिवरी) के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 33 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि को दर्शाता है।'

### इंडिगो 26 अक्टूबर से दिल्ली हवाई अड्डे के तीनों टर्मिनल से उड़ानें संचालित करेगी

**नयी दिल्ली:** इंडिगो ने मंगलवार को कहा कि वह 26 अक्टूबर से दिल्ली हवाई अड्डे के तीनों टर्मिनल से उड़ानें संचालित करेगी। राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) में तीन टर्मिनल - टर्मिनल 1, टर्मिनल 2 और टर्मिनल 3 शामिल हैं- और नया टर्मिनल 2, आगामी 26 अक्टूबर से चालू होगा। सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें टर्मिनल-3 से संचालित होती हैं। एक बयान में एयरलाइन ने कहा कि वह ''टर्मिनल-2 से या के लिए 6ई 2000 - 6ई 2999 संख्या वाली उड़ानें, और टर्मिनल-3 से या के लिए सभी अंतरराष्ट्रीय प्रस्थानों के साथ, 6ई 5000 - 6ई 5999 संख्या वाली उड़ानें संचालित करेगी। अन्य सभी घरेलू उड़ानें टर्मिनल-1 से या के लिए संचालित होती रहेंगी।' इंडिगो, आईजीआईए से लगभग 1,700 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी। यह प्रतिदिन 2,200 से अधिक उड़ानें संचालित करती है।

### सिंथेटिक बुने हुए कपड़ों पर 3.5 डॉलर प्रति किलोग्राम का न्यूनतम आयात मूल्य लागू

**नयी दिल्ली:** सरकार ने मंगलवार को सिंथेटिक बुने हुए कपड़ों पर 3.5 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोग्राम का न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) घोषित किया। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि अग्रिम प्राधिकरण धारकों, विशेष आर्थिक क्षेत्रों की इकाइयों और निर्यातोन्मुखी इकाइयों को एमआईपी से छूट दी जाएगी, बशर्ते कि आयातित माल से बने उत्पाद घरेलू शुल्क क्षेत्र में न बेचे जाएं। इसमें कहा गया कि 28 से 48 ग्राम प्रति वर्ग मीटर की सीमा वाले कपड़ों को छोड़कर, सिंथेटिक बुने हुए कपड़ों के आयात पर अंकुश रहेगा और इस पर 3.5 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोग्राम का एमआईपी लागू होगा।

**वर्ष 10, पूर्णांक 3368 अंक 178, RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in